राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 41, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 28 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

मिड डे मील सप्लाई करने वाली कंपनी पर केस .... पेज 03

5 लाख की सुपारी देकर इकलौते बेटे को मरवाया, पत्नी से विवाद में वारदात; शराब पिलाकर गला .... पेज 05

ऑस्ट्रेलिया में युद्धाभ्यास के दौरान यूएस मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश : 3 सैनिकों की मौत .... पेज 07


## जी 20 देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है : मोदी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 लीडर्स सम्मिट के लिए भारत पूरी तरह तैयार है और सितम्बर का महीना देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है।

मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम %मन की बात% की 104वीं कड़ी में कहा कि सितम्बर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। अगले महीने होने जा रही जी 20 लीडर्स सम्मिट के लिए भारत पूरी तरहसे तैयार है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन राजधानी



दिल्ली आ रहे हैं। जी 20 सम्मिट के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होगी। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी 20 को और ज्यादा समावेशी फ़ोरम बनाया है। भारत के निमंत्रण पर ही अफ्रीकी संघ भी जी 20 से जुड़ी और अफ्रीका के लोगों की आवाज दुनिया के इस अहम प्लेटफार्म तक पहुंची।

उन्होंने कहा , पिछले साल बाली में भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने के बाद से अब तक इतना कुछ हुआ है, जो हमें गर्व से भर देता है। दिल्ली में बड़े-बड़े कार्यक्रमों की परंपरा से हटकर, हम इसे देश के अलग-अलग शहरों में ले गए। देश के 60 शहरों में इससे जुड़ी करीब-करीब 200 बैठकों का आयोजन किया गया।

जी 20 डेलीगेट्स जहां भी गए, वहां लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। यह डेलीगेट्स हमारे देश की विविधता देखकर, हमारी वाइब्रेंट लोकतंत्र देखकर, बहुत ही प्रभावित हुए। उन्हें ये भी एहसास हुआ कि भारत में कितनी सारी संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा डेलीगेट्स की हमारी अध्यक्षता, पीपुल्स प्रेसीडेंसी है जिसमें जनभागीदारी की भावना सबसे आगे है।

जी 20 के जो ग्यारह इंगेजमेंट्स समूह थे, उनमें अकादमिक, सिविल सोसाइटी, युवा, महिलाएं, हमारे सांसद, आंतर्पिनोर और शहरी प्रशासन से जुड़े लोगों ने अहम भूमिका निभाई। इसे लेकर देशभर में जो आयोजन हो रहे हैं, उनसे, किसी न किसी रूप से डेढ़ करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं।

### त्योहारों पर 'वोकल फॉर लोकल' को महत्व जरुरी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब रक्षाबंधन जैसे त्योहार आ रहे हैं इसलिए इन त्योहारों के दौरान वोकल फ़ॉर लोकल पर जोर दिया जाना चाहिए। मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 104वीं कड़ी के प्रसारण में कहा की आत्मनिर्भर भारत के लिए वह कल का लोकल आवश्यक है और इसका त्यौहार मनाते समय सभी को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा , अब त्योहारों का मौसम भी आ ही गया है।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में भारत ने परचम लहराया : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेल-कूद एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ देश के युवा निरंतर नयी सफलताएँ हासिल कर रहे और हाल ही में इन खिलाड़ियों ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में भारत का परचम लहराया है।

मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 104वीं कड़ी में कहा खेल-कूद एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ हमारे युवा निरंतर नई सफलताएँ हासिल कर रहे हैं। कुछ ही दिनों पहले चीन में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए थे।

इन खेलों में इस बार भारत की सबसे शानदार प्रदर्शन रही है। हमारे खिलाड़ियों ने कुल 26 पदक जीते, जिनमें से 11 स्वर्ण थे। 1959 से लेकर अब तक जितने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए हैं, उनमें जीते सभी पदकों को जोड़ दें तो भी यह संख्या 18 तक ही पहुँचती है। इतने दशकों में सिर्फ 18, जबकि इस बार हमारे खिलाड़ियों ने 26 पदक जीत लिए हैं।

# बंगाल में अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 7 की मौत

## आस-पास की छतों पर जाकर गिरे शरीर के टुकड़े



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को ब्लास्ट हो गया। घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। इसका सही आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। न्यूज एजेंसी ने फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष के हवाले से बताया कि हादसा कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर दूर नीलगंज में मोशपोल इलाके में सुबह 10 बजे हुआ। पटाखा फैक्ट्री दत्तपुकुर में है। हादसे के वक्त कई लोग फैक्ट्री में काम कर रहे थे।

### मई में 7 दिन में हुए थे 3 पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट

इससे पहले मई में भी 7 दिन में पटाखा फैक्ट्रियों में 3 ब्लास्ट हुए थे। इनमें बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस नेता के घर हुआ था। जिसमें किसी की जान नहीं गई थी। उससे पहले साउथ 24 परगना में हुए ब्लास्ट में 3 लोगों की मौत हुई थी। पूर्व मेदिनीपुर में भी अवैध पटाखा फैक्ट्री में 16 मई को हुआ था। इसमें 12 लोगों की जान गई थी।

### बम डिस्पोजल स्क्वॉड भी पहुंचा

कोलकाता पुलिस ने कहा कि अब तक 7 शव मिले हैं। विस्फोट में कई लोग घायल हुए हैं।

धमाका इतना भयानक था कि लोगों के चीथड़े आस-पड़ोस की छतों पर जाकर गिरे। हालांकि मलबे में बम होने की आशंका के चलते, पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता भी मौके पर मौजूद है।

इसके पहले मई में भी पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए इसी तरह के विस्फोट में 12 लोग मारे गए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विस्फोट इतना भयानक था कि घर मलबे में तबदील हो गया। जबकि यहां काम करने वाले लोगों के शरीर के कई अंग मलबे में बिखर गए।

दूसरे घरों की छतों पर भी कुछ लोगों के शरीर के टुकड़े नजर आ रहे हैं। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गईं(

### मुंबई के गैलेक्सी होटल में लगी आग, तीन की मौत

मुंबई। मुंबई के सांताक्रूज इलाके स्थित गैलेक्सी होटल में रविवार दोपहर 1 बजे आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने 8 लोगों का रेस्क्यू किया है। आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि, अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में मरने वाले लोगों के नाम रूपल कांजी (25), किशन (28) और कांतीलाल वारा (48) है। घायलों ने बताया कि आग बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर लगी थी। जो तीसरी मंजिल तक पहुंच गई थी। 10 दिन पहले 17 अगस्त को मुंबई के उपनगर घाटकोपर के LBS रोड पर कुर्ला इंडस्ट्रियल एस्टेट में एक तीन मंजिला इमारत में आग लग गई थी। पांच दमकल की गाड़ियां, 6 वाटर जेटी और एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया था। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ था।

# हिमाचल में 8000 करोड़ का नुकसान, 300 से अधिक लोगों की हुई मौत

## सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्यक्रम चला रही है

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य में भारी बारिश के चलते आठ हजार करोड़ का नुकसान एवं 300 से अधिक लोग इस मानसून का शिकार होकर जान गंवा चुके हैं।

अग्निहोत्री ने कहा कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए सरकार कारगर कदम उठाएगी इस के लिए तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में भारी बारिश के चलते आठ हजार करोड़ का नुक्सान एवं 300 से अधिक लोग इस मानसून का शिकार होकर जान गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्यक्रम चला रही है और अपने स्रोतों से जो भी राज्यवासियों की सुरक्षा के लिए किया जा सकता है, वो किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों के पुनर्वास पर विशेष फोक्स किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा, भूस्खलन, भूकंप और अन्य



संवेदनशील स्थितियों के लिए एक स्थायी वैज्ञानिक योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में पुलिस बल को आगे आकर कार्यवाही करनी होती है, ऐसे में इन बलों को त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए भी प्रशिक्षित करने पर बल दिया जाएगा।

सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा आदर्श भवन नियम अपनाने तथा इनके सख्ती से कार्यान्वयन पर भी बल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारी बरसात से हरिपुर की धंगड़ पंचायत में भूस्खलन से दो दर्जन के करीब परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, प्रशासन ने सात परिवारों को धंगड़ में राहत शिविर में ठहराया गया है जबकि अन्य अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है। सभी विभागों को क्षतिग्रस्त योजनाओं एवं अन्य अधोसंरचना की मरम्मत में तेजी लाने और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों तथा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

# एक ही परिवार के 4 लोगों की मिली लाश

मैसूर। कर्नाटक के मैसूर में किराए के मकान में रविवार दोपहर एक ही परिवार के 4 लोगों की लाश मिली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उसे संदेह है कि इन लोगों ने आपसी सहमति से खुदकुशी कर ली। रिपोर्ट के अनुसार, चामुंडीपुरम में महादेवस्वामी (45), उनकी पत्नी अनीता (38), बेटियां चंद्रकला (17) और धनलक्ष्मी (15) अपने घर में मृत पाई गईं। मैसूर के बांदीपलया में महादेवस्वामी की सब्जियों की दुकान थी।

पुलिस के मुताबिक, पड़ोसियों ने 2 दिनों से उस मकान का दरवाजा बंद पाया था। इसके बाद उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, मकान के आगे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसलिए हमने पीछे का दरवाजा खोला और हमने उन्हें मृत पाया। उन चारों में एक फंदे से लटकी मिली, जो बड़ी बेटी जान पड़ती है। अन्य लोग फर्श पर मृत मिले। उन्होंने कहा कि इस मकान का मालिक पहले तल पर रहता है, जबकि महादेवस्वामी का परिवार भूतल पर पिछले 2 महीने से किरायेदार के तौर पर रह रहा था।

गौरतलब है कि एक साथ एक ही परिवार के सभी 11 लोगों की आत्महत्या ने साल 2018 में देश को दहला कर रख दिया था। राजधानी दिल्ली का बुराड़ी आत्महत्या कांड लोग आज तक नहीं भूले हैं। लोगों के दिलों-दिमाग में बसे इस कांड ने दुनियाभर की मीडिया में अपनी जगह बनाई।

### भाजपा ने मध्य प्रदेश को बना दिया दलित अत्याचार की प्रयोगशाला : खडगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है। खड़गे ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी माँ को भी नहीं बख्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूँ तक नहीं करते। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री केवल कैमरे के सामने वंचितों के पैर धो कर अपना गुनाह छुपाने की कोशिश करते हैं।

# गाजियाबाद की सोसाइटी में 19 साल की सुरक्षाकर्मी से गैंगरेप

## सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने पहले पीटा, फिर दो साथियों के साथ की दरिंदगी; पीड़िता ने खाया जहर

गाजियाबाद। गाजियाबाद की एक सोसाइटी में महिला सुरक्षाकर्मी से दरिंदगी हुई है। आरोप है कि सोसाइटी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने पहले 19 साल की सुरक्षाकर्मी से मारपीट की, फिर दो साथियों संग गैंगरेप किया। इससे आहत पीड़िता ने जहरीला पदार्थ पी लिया। पीड़िता को एम्स दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है।

घटना क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सृष्टि हाउसिंग सोसाइटी का है। यहां पर झारखंड निवासी 19 वर्षीय युवती बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम करती है। वो अपनी मौसी के पास इसी क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है।

रविवार दोपहर को पीड़िता के मौसेरे भाई ने डायल-112 को फोन करके इस घटना की सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सहकर्मियों ने पीड़िता को शाहबेरी के वृंदावन हॉस्पिटल के आईसीयू में एडमिट कराया। जहां से गंभीर हालत देख उसे एम्स दिल्ली के लिए रेफर कर दिया।

### सुपरवाइजर समेत तीन युवकों ने की दरिंदगी

फिलहाल पुलिस की पीड़िता से बातचीत नहीं हो पाई है। लेकिन मौसेरे भाई ने पुलिस को बताया है कि सिक्योरिटी सुपरवाइजर अजय और दो अज्ञात युवकों ने सोसाइटी के बेसमेंट में महिला सुरक्षाकर्मी से गैंगरेप किया है।

### साथी सुरक्षाकर्मी ने बताया- सुपरवाइजर ने बेसमेंट में पीड़िता को बुलाया था

सोसाइटी में तैनात एक सुरक्षाकर्मी



ने बताया, पीड़िता दोपहर में हमारे पास आकर बैठ गई। उनकी हालत ठीक नहीं लग रही थी। हमने पूछा- तबीयत तो ठीक है ? अगर ठीक नहीं है तो दवा दिलवा दें। भूख लगी है तो खाना खिलवा दें। वो गुमसुम बैठी रही। जब हमने जोर देकर पूछा, तब उसने हमें पूरा वाकया बताया।



सिक्योरिटी गार्ड ने बताया, दोपहर में सुपरवाइजर अजय सिंह का फोन आया और कुछ काम के बहाने पीड़िता को अंदर बेसमेंट में बुलाया।

इसके बाद पीड़िता करीब आधा घंटे बाद लौटी, तभी से गुमसुम थी। परिजनों का आरोप है कि सोसायटी के कर्मचारियों ने मिलीभगत कर मारपीट के बहाने से आरोपियों को भगा दिया।

### एक आरोपी गिरफ्तार, दो की हो रही तलाश

एसीपी वेब सिटी सलोनी अग्रवाल के मुताबिक, थाना क्रॉसिंग क्षेत्र के अंतर्गत सोसाइटी में गार्ड का काम करने वाली 19 वर्षीय युवती के साथ गलत कृत्य का मामला सामने आया है। आरोपी अजय के साथ दो अन्य को नाम दर्ज किया गया है। आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी अन्य दो की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है। पुलिस इस पूरी घटना की जांच कर रही है।

**ट्रेन हादसा**

### रेलवे का दावा-लखनऊ के आगे अवैध सिलेंडर ट्रेन में रखा गया, कोच में कोयला-लकड़ी मिली

# मदुरै ट्रेन हादसे में यूपी की ट्रैवल एजेंसी पर केस दर्ज

तमिलनाडु। तमिलनाडु के मदुरै जंक्शन के पास शनिवार को ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लग गई थी। इस मामले में जीआरपी ने यूपी के सीतापुर स्थित भसिन ट्रैवल एजेंसी के खिलाफ केस दर्ज किया।

ट्रैवल एजेंसी संचालक ने IRCTC के जरिए कोच बुक किया था। इस कोच में यूपी के 63 लोग सफर कर रहे थे, जो दक्षिणी राज्यों की यात्रा पर निकले थे। 26 अगस्त की तड़के हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक झुलस गए। घायलों में 8 लोग गंभीर रुप से घायल हैं।

हादसे के बाद दक्षिण रेलवे ने इसकी जांच शुरु कर दी है। जांच में पाया गया कि आग ट्रेन में रखे घरेलू गैस सिलेंडर की वजह से लगी थी। जिसे अवैध तरीके से ट्रेन में रखा गया था। कोच में लकड़ी और कोयला भी मिला है।

### ट्रेन रुकने पर यात्रियों के लिए लकड़ी और कोयले पर खाना बनता था

हादसे में जिंदा बचे अशोक कुमार प्रजापति ने बताया कि ट्रैवल एजेंसी के अटेंडेंट्स कोच में टॉयलेट एरिया की तरफ खाना बनाते थे। ट्रेन रुकने पर लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल होता था। सफर के दौरान गैस चूल्हे पर खाना बनता था।



ये प्राइवेट कोच 25 अगस्त को नागरकोल जंक्शन पर पुनालूर-मदुरै एक्सप्रेस (16730) से जुड़ा था। 26 अगस्त को ट्रेन तड़के 3 बजकर 47 मिनट पर मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां इस कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया। मदुरै में कोल्लम-चेन्नई एग्मोर अनंतपुरी एक्सप्रेस से जुड़कर कोच को चेन्नई जाना था। वहां से तीर्थ यात्री रविवार को लखनऊ लौटने वाले थे।

### आग लगने के बाद ट्रैवल एजेंसी के अटेंडेंट्स भागे

कोच में सवार यात्रियों के अनुसार, सुबह करीब 5: 15 बजे कोच में अटेंडेंट चाय बना रहा था। इसी दौरान आग लग गई। अधिकतर यात्री सो रहे थे, जिसके कारण उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। आग लगते ही ट्रैवल एजेंसी के अटेंडेंट्स भाग निकले।

### मृतकों की डेड बॉडी को एयरलिफ्ट कर लखनऊ भेजा गया

कल सभी मृतकों की डेड बॉडी को चेन्नई से एयरलिफ्ट कर लखनऊ भेजा गया। इनके साथ कोच हादसे में जिंदा बचे 14 यात्री भी गए हैं, जो मृतकों के परिजन हैं।

मृतकों में परमेश्वर कुमार गुप्ता (55), शत्रु दमन सिंह (65), अंकुल कश्यप (36), दीपक कश्यप (20), हरीश कुमार भसीन (60), हिमानी बंसल (22), मिथिलेश कुमारी (62), शांति देवी वर्मा (57) और मनोरमा अग्रवाल (82) शामिल हैं।

# मणिपुर में फिर बवाल; इंफाल में 3 घरों में लगाई गई आग

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल के न्यू लाम्बुलेन इलाके में एक बार फिर हिंसा भड़की है। यहां रविवार दोपहर अज्ञात लोगों ने तीन खाली पड़े घरों में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों ने कहा कि आगजनी को लेकर इलाके में लोग इकट्ठा हो गए और राज्य व केंद्रीय बलों को तैनात करने की मांग करने लगे। घटना से भड़के स्थानीय लोगों ने इसे लेकर उपद्रव मचाना शुरू कर दिया। बाद में सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, कुछ अज्ञात लोगों ने रविवार देर



रात करीब 2 बजे पूर्व स्वास्थ्य व परिवार कल्याण निदेशक के राजो के घर की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीन लिए। इनके पास से तीन हथियार छीने गए हैं। यह घटना इंफाल पश्चिम जिले के सगोलबंद बिजॉय गोविंदा में हुई। छीने गए हथियारों में 2 एके सीरीज राइफलें और 1 कार्बाइन शामिल हैं। इस बीच, पुलिस ने हथियार बरामद करने और इसमें शामिल लोगों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है। हालांकि, अभी तक इसमें किसी तरह की कामयाबी नहीं मिली है।

मणिपुर में बीते 3 महीनों से हिंसा जारी है। अस्थायी राहत शिविरों में रहने वाले लोग सरकार से इस अशांति का समाधान निकालने की मांग कर रहे हैं, ताकि वे अपने घरों को वापस लौट सकें। उनमें से कुछ लोग अस्थायी आवासों में भी नहीं जाना चाहते हैं, जो उन्हें सरकार ने मुहैया कराए गए हैं। उनका कहना है कि अगर वे पूर्वनिर्मित आवासीय इकाइयों में चले जाएंगे तो वे फिर कभी अपने घरों में नहीं लौट पाएंगे।

### धनखड़ ने सूर्य मंदिर और रानी शक्ति मंदिर में की पूजा अर्चना

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजस्थान के शेखावाटी आंचल के सूर्य देव मंदिर और रानी शक्ति मंदिर में पूजा अर्चना की। राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर गए श्री धनखड़ ने कई ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दी। धनखड़ ने हरियाणा - राजस्थान की सीमा पर लोहार्गल के सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना की। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ भी थी। उन्होंने कहा, सूर्यदेव को नमन।





## शार्ट न्यूज

### 31 अक्तूबर तक सरकारी कार्यक्रमों में सम्मान की रस्म पर रहेगी रोक: सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की भावना से कार्य कर रही प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आगामी 31 अक्तूबर तक विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के दौरान शॉल, टोपी और पुष्पगुच्छ इत्यादि के माध्यम से गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित करने की रस्म पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। इस निर्देशानुसार 31 अक्तूबर तक सरकारी कार्यक्रमों में कोई औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा। इससे पहले प्रदेश सरकार द्वारा 15 सितम्बर, 2023 तक क्षेत्र के दौरे के दौरान अति विशिष्ट व्यक्तियों को पारम्परिक रूप से दिए जाने वाले गार्ड ऑफ ऑनर को भी निलंबित किया गया है। यह निर्णय व्यवस्था में सार्थक एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय प्राकृतिक आपदा के प्रबन्धन के लिए संसाधनों के समुचित उपयोग तथा प्रशासन में औपचारिकता के बजाय संवेदनशील व प्रभावी कार्य संस्कृति के समावेश को भी रेखांकित करता है।

### फायनेंस कम्पनी के दो निदेशक गिरफ्तार

अजमेर । राजस्थान में अजमेर रेंज के नवगठित ब्यावर जिले में पुलिस ने आज प्रारम्भिक साक्ष्यों के आधार पर एक फायनेंस कम्पनी को बेनकाब कर उसके दो निदेशक को गिरफ्तार कर लिया। अजमेर रेंज आईजी लता मनोजकुमार ने ब्यावर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र चौधरी तथा एएसपी मनीष चौधरी की मौजूदगी में पत्रकारों को इस ..प्रो एक्टिव पुलिसिंग.. कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्यावर में एक कम्पनी ज्यादा पैसा कमाने की ललचाई स्कीमों में भोलीभाली जनता का पैसा नियोजित करा भागने की फिराक में थी। उस कम्पनी का सत्यापन करवाने के बाद जानकारी में आया कि यह राज्य में वित्तीय कार्य के लिए पंजीकृत नहीं है और अवैधतौर पर कारोबार कर रही है। स्कीम भी ऐसी हैं जिसमें 200 से 400 प्रतिशत रिटर्न का लालच दिया गया है। कम्पनी की ओर से आठ स्कीमों में जनता के करोड़ों रुपये इन्वेस्ट कराये गये है। कम्पनी ने करीब दो सौ जमाकर्ताओं से निवेश हासिल किया है। उन्होंने बताया कि कम्पनी भागे और लोगों का पैसा डूबे इससे पहले ही ब्यावर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कम्पनी के दो निदेशक रोहित कुमार दवे तथा अमरीश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है।

### केंद्रीय मंत्री मेघवाल सोमवार को आएंगे अजमेर

अजमेर। केन्द्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 28 अगस्त को राजस्थान के अजमेर में आयोजित रोजगार मेलें में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेघवाल अजमेर के फायसागर रोड स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप-दो के सभागार में विभिन्न अर्द्धसैनिक बलों में नियुक्त 250 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। भारत सरकार द्वारा दस लाख युवाओं को रोजगार देने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलों के आठवें चरण में अजमेर में कल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र 2, फायसागर रोड में प्रात: 9 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कानून राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न अर्धसैनिक बलों जैसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और असम राईफल्स के ढाई सौ से ज्यादा जवानों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस दिन देशभर में करीब 45 शहरों में आयोजित रोजगार मेलों में करीब 51000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का लक्ष्य रखा गया है।

### आईएएस ताराचंद मीणा के मिशन कोटड़ा को मिला देश का प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर के तत्कालीन जिला कलक्टर ताराचंद मीणा द्वारा शुरू किए गए मिशन कोटड़ा की सफलता पर देश के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया है। स्कॉच अवार्ड अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस सिल्वर श्रेणी में यह अवार्ड उदयपुर प्रशासन को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में प्रदान किया गया। जिला प्रशासन की ओर से मुख्य आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा ने यह अवार्ड ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन जिला कलेक्टर एवं वर्तमान जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आयुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ताराचंद मीणा ने पदभार संभालने के पश्चात जनवरी 2022 में उदयपुर जिले के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र कोटडा के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान की दिशा में यह अभियान शुरू किया था जिसके बाद इस क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के सुधार के साथ ही आधारभूत संरचनाओं के विकास में उल्लेखनीय कार्य हुए जिससे इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ पहुंचा। उन्होंने इस अवॉर्ड का श्रेय पूरी टीम को दिया है। मिशन कोटड़ा के लिए मीणा को सीएम एक्सीलेंस अवार्ड भी मिल चुका है। जनजाति आयुक्त श्री मीणा बताया कि जिले के दूरस्थ एवं पिछड़े आदिवासी ब्लॉक कोटड़ा के अभावों को दूर करने व आमजन में जागरूकता पैदा कर सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने के उद्देश्य से मिशन प्रारंभ किया गया था।

### राजस्थान में मिल रहा है सबसे सस्ता गैस सिलेंडर

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को महंगाई से राहत दे रही है और आज राजस्थान में देश का सबसे सस्ता गैस सिलेंडर मिल रहा है। गहलोत शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान एलपीजी गैस सिलेंडर वितरक संघ के प्रतिनिधिमण्डल के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। एलपीजी गैस सिलेंडर वितरकों के सहयोग से इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना प्रदेश में सफलतापूर्वक लागू हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना लागू कर पात्रों को गत एक अप्रैल से 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे महंगाई का बोझ कम हुआ है और आर्थिक संबल मिला है। यह आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार सहित हर क्षेत्र में देश का मॉडल स्टेट बन गया है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपए तक नि:शुल्क उपचार एवं 10 लाख का दुर्घटना बीमा, नि:शुल्क दवाईयां एवं जांच सुविधाओं सहित कानून बनाकर स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है। राज्य में आईआईटी, आईआईएम, निफ्ट जैसे विश्व स्तरीय संस्थान खुले हैं।

### राहुल को दूल्हा घोषित कर लालू ने तोड़ा नीतीश का सपना : सुशील मोदी

पटना । बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विपक्ष के अघोषित उम्मीदवार के रूप में उभरने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब इस पद के लिए दावेदारी करने की स्थिति में भी नहीं हैं, प्रधानमंत्री बनना तो दूर की बात है। मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव भी नहीं चाहेंगे कि नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का संयोजक या प्रधानमंत्री पद का उम्म्मीदवार बना कर उनका कद बढाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन में कोई बड़ा पद मिला तो वे महागठबंधन में लोकसभा चुनाव के समय ज्यादा सीटों की मांग करेंगे जबकि राजद उन्हें 10-11 सीट ही देना चाहता है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 44 विधायकों के बूते इससे ज्यादा की उम्मीद भी नहीं कर सकता। भाजपा सांसद ने कहा कि श्री लालू प्रसाद यादव ने जब मुलायम सिंह यादव को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया तो अब वे 17 साल तक लालू-विरोध की राजनीति करने वाले को क्यों आगे बढ़ाएंगे।

# मोदी ने देश की सुंदरता और विविधता देखने के लिये लोगों से किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोगों से आग्रह किया कि जब मौका मिले अपने देश की सुंदरता अपने देश की विविधता को ज़रूर देखने जाना चाहिए।

मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम %मन की बात% की 104वीं कड़ी में कहा चीजों या स्थानों को साक्षात् खुद देखना, समझना और कुछ पल उनको जीना, एक अलग ही अनुभव देता है। कोई समंदर का कितना ही वर्णन कर दे लेकिन हम समंदर को देखे बिना उसकी विशालता महसूस नहीं कर सकते। कोई हिमालय का कितना ही बखान कर दे, लेकिन हम हिमालय को देखे बिना उसकी सुन्दरता का आकलन नहीं कर सकते इसलिए ही मैं




अक्सर आप सभी से ये आग्रह करता हूँ कि जब मौका मिले, हमें अपने देश की सुंदरता अपने देश की विविधता ज़रूर देखने जाना चाहिए।

उन्होंने कहा , अक्सर हम एक और बात भी देखते हैं हम भले ही दुनिया का कोना-कोना छान लें लेकिन अपने ही शहर या राज्य की कई बेहतरीन जगहों और चीजों से अनजान होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि लोग अपने शहर के ही ऐतिहासिक स्थलों के बारे में ज्यादा नहीं जानते। ऐसा ही कुछ धनपाल जी के साथ हुआ। धनपाल, बेंगलुरु के परिवहन में ड्राइवर का काम करते थे। धनपाल पर्यटकों को शहर के अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर ले जाया करते थे।

ऐसी ही एक बार पर किसी पर्यटक ने उनसे पूछ लिया, बेंगलुरु में टैंक को सेंकी टैंक क्यों कहा जाता है। उन्हें बहुत ही ख़राब लगा कि उन्हें इसका जवाब पता नहीं था। अपनी विरासत को जानने के इस जुनून में उन्हें अनेक पत्थर और शिलालेख मिले। इस काम में धनपाल का मन ऐसा रमा कि उन्होंने शिलालेखों से जुड़े विषय में डिप्लोमा भी कर लिया, हालाँकि अब वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन बेंगलुरु के इतिहास खंगालने का उनका शौक अब भी बरक़रार है। उन्होंने कहा, मुझे ब्रायन डी खारप्रन के बारे में बताते हुए बेहद खुशी हो रही है। ये मेघालय के रहने वाले हैं और उनकी गुफाओं का अध्ययन में गज़ब की दिलचस्पी है। वर्ष 1990 में उन्होंने अपने दोस्त के साथ मिलकर एक संगठन की स्थापना की और इसके जरिए मेघालय की अनजान गुफाओं के बारे में पता लगाना शुरू किया।

देखते ही देखते उन्होंने अपनी टीम के साथ मेघालय की 1700 से ज्यादा गुफाओं की खोज कर डाली। भारत की सबसे लंबी और गहरी गुफाओं में से कुछ मेघालय में मौजूद हैं। मेरा यह आग्रह भी है कि आप मेघालय के गुफाओं में घूमने की योजना जरुर बनाएं।

## बेशकीमती संपत्तियों के अवैध लेख पत्र तैयार करने वाला वकील गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में विभिन्न बेशकीमती संपत्तियों के अवैध अथवा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें विक्रय करने की लगातार शिकायतों के बाद, मुख्यमंत्री की सख्ती पर देहरादून पुलिस और जिला प्रशासन दोनो सक्रिय हो गए हैं। इस मामले की जांच के लिए गठित पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक स्थानीय वरिष्ठ अधिवक्ता (वकील) को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अभी तक दो वकील, प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) आरक्षी सहित कुल नौ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डीएस कुंवर ने रविवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को वादी संदीप श्रीवास्तव, सहायक महानिरीक्षक, निबंधन (रजिस्ट्री) ने अज्ञात अभियुक्तगणों की मिलीभगत से धोखाधड़ी की नियत से आपराधिक षडयन्त्र रचकर उप निबंधक कार्यालय, प्रथम और द्वितीय, जनपद देहरादून में भिन्न-भिन्न भूमि विक्रय विलेख से सम्बन्धित धारित जिल्दों के विलेखों के साथ छेड़छाड़ कर अभिलेखो की कूटरचना करने के सम्बन्ध में तहरीर दी। इस आधार पर, कोतवाली नगर, देहरादून पर मु0अ0सं0 281/2023 धारा 420/120बी/467/468/47 भादवि बनाम अज्ञात अभियुक्तगण पंजीकृत किया। गया। उन्होंने बताया कि मामला बहुत गम्भीर होने के कारण, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, अपराध, सर्वेश कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी टीम गठित की गई।

श्री कुंवर ने बताया कि टीम द्वारा रजिस्ट्रार ऑफिस से जानकारी करते हुए रिंग रोड से सम्बन्धित 50 से अधिक रजिस्ट्रियों का अध्ययन कर सभी लोगों से पूछताछ की। जिसमें कुछ प्रॉपर्टी डीलर के नाम भी प्रकाश में आये।

## छात्रा की हत्या के विरोध में दार्जिलिंग की सभी तीनों पहाड़ियां रहीं बंद


दार्जिलिंग। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के मैदानी इलाके में ग्यारहवीं कक्षा की एक स्कूली छात्रा की क्रूर हत्या के विरोध में बिमल गुरुंग के नेतृत्व वाले गोरखा जनमुक्ति मोर्चा और अजय एडवर्ड्स के नेतृत्व वाली हमरो पार्टी तथा सीपीआरएम की ओर से आहूत 24 घंटे के बंद के कारण शनिवार को दार्जिलिंग, कर्सियांग और कलिम्पोंग जिलों में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया।

इस दौरान बाज़ार बंद रहे , वाहन सड़कों से नदारद रहे और शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालय बंद रहे। इसके अलावा पहाड़ों पर साप्ताहिक बाजार भी पूरे दिन बंद रहे। आपातकालीन सेवाओं को हालांकि, हड़ताल के दायरे से बाहर रखा गया था। खराब मौसम और मानसूनी बारिश ने भी पहाड़ी निवासियों को घर के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया।

गौरतलब है कि माटीगाड़ा इलाके में गुरुवार को एक जर्जर मकान से किशोरी का शव बरामद किया गया। पुलिस पहले ही उस आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसने उसके साथ यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की थी और विरोध करने पर हत्यारे ने उसे पीट-पीट कर मार डाला।

## केजीएल ट्रेक एडवेंचर प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र

**गडसर दर्रा ,गंदेरबल।** जम्मू कश्मीर में विशनसर और किशनसर दो हिमनद झीलें कश्मीर ग्रेट लेक्स (केजीएल) एडवेंचर प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन रही हैं वहीं विदेशी नागरिक भी इस ओर आकर्षित हुए हैं। यह ट्रेक सोनमर्ग से शुरू होता है। यह रणनीतिक श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। आधार शिविर आमतौर पर शेकदुर सोनमर्ग में स्थापित किए जाते हैं और बाद में यह निकनाई दर्रा (13,100 फीट), गडसर दर्रा, जाज दर्रा (13,000 फीट) से गुजरता है, और गंदेरबल जिले के एक छोटे से सुरम्य गांव नारानांग (7,450 फीट) में समाप्त होता है। इस ट्रेक को पूरा करने में लगभग पांच से सात दिन



लग जाते हैं। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग के उप निदेशक वसीम मलिक ने बताया कि कश्मीर ग्रेट लेक्स ट्रेक पूरे हिमालयी क्षेत्र में सबसे खूबसूरत और मांग वाले ट्रेक में से एक है। केजीएल ट्रेक के दौरान, मोटे तौर पर कई खूबसूरत अल्पाइन झीलें देखने को मिलती हैं। विशनसर, कृष्णासर, गडसर, सतसर, गंगाबल और नुंदकुल झीलें राजसी हिमालय के पहाड़ों के बीच स्थित हैं और हरे-भरे घास के मैदानों और बर्फ से ढकी चोटियों से घिरी हुई हैं। कई घास के मैदान और ऊंचाई वाले दर्रे हैं ट्रेकर्स के लिए अन्य प्रमुख आकर्षण हैं।

वरमुल ट्रैकिंग क्लब के दस सदस्यों के साथ आए एक ट्रेकर शेख जहूर ने कहा कि केजीएल ट्रेक आपको मनोरम झीलों, बर्फ से ढके पहाड़ों, ऊंचे दर्रों, दुर्लभ फूलों से सुसज्जित घास के मैदानों, सुंदर और हरे-भरे मेपल और देवदार की घाटियों से होकर ले जाता है।

शेख के सह-ट्रेकर तारिक अहमद ने कहा कि केजीएल ट्रेक प्रत्येक दिन लंबी सैर की मांग करता है जिससे छह दिनों में कुल 75 किलोमीटर की दूरी तय होती है।

मलिक ने कहा कि इस साल अब तक 3000 से अधिक ट्रेकर्स ने केजीएल की खोज की है , हालांकि यह गो-फ्री ज़ोन ट्रेक नहीं है। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग ने कश्मीर ग्रेट लेक्स ट्रेक के लिए अनुमति दी।

उन्होंने कहा कि अनुमति तभी दी जाती है जब ट्रैकर किसी डॉक्टर से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और कुछ सौ रुपये की लागत वाला साहसिक बीमा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाता है कि एक दिन में 100 लोग इस जगह में प्रवेश करें क्योंकि यह पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र है।

## एसटीए पोंजी घोटाले में तीन मुख्य आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी

भुवनेश्वर। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (बीओआई) ने सैकड़ों करोड़ रुपये सोलर टेक्नो एलायंस (एसटीए) क्रिप्टो पोंजी घोटाले के मुख्य आरोपियों में से तीन लोगों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि जिन तीन आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी की गई है, उनमें राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी कृष्ण कुमार, राजस्थान के श्री-गंगानगर निवासी अनिल कुमार और राजस्थान के नागौर निवासी भूरा राम शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक ये तीनों गुरतेज सिंह सिद्धू के करीबी सहयोगी हैं और योजना के वित्तीय और तकनीकी प्रबंधन की देखभाल करते हैं। वे शीर्ष कमाई करने वाले भी हैं और एसटीए पिरामिड के शीर्ष पदानुक्रम में आते हैं। इससे पहले ओडिशा अपराध शाखा के ईओडब्ल्यू ने रविवार को यहां बताया कि हंगरी के नागरिक और एसटीए क्रिप्टो पोंजी घोटाले के प्रमुख डेविड गीज़ (32) के खिलाफ एलओसी जारी की गई है। लुक आउट सर्कुलर ओडिशा क्राइम ब्रांच के ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर जारी किया गया है, जिसने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गए लोगों में एसटीए क्रिप्टो टोकन के भारत के प्रमुख एवं पंजाब के फरीदकोट निवास गुरतेज सिंह सिद्धू (40) फरीदकोट, एसटीए के ओडिशा प्रमुख एवं भद्रक के निरोद दास और रत्नाकर पल्लई शामिल हैं।

अनुमान है कि ओडिशा के 10,000 से अधिक लोग पहले ही इस योजना के सदस्य बन चुके हैं। इस योजना/घोटाले के दो लाख से अधिक सदस्य (अखिल भारतीय) हैं, जो मुख्य रूप से पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और असम जैसे राज्यों में हैं। ईओडब्ल्यू के मुताबिक घोटाले में शामिल कुल धनराशि (पैन इंडिया) 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

### केरल में ओणम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पर्यटन विभाग रविवार से आगामी सात दिनों तक भव्य ओणम सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन करेगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन आज शाम छह बजे इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। पर्यटन विभाग, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में कई शास्त्रीय, लोक, जातीय और लोकप्रिय कलाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। सोमवार को राजस्व और आवास मंत्री के राजन राज्य की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर में थेक्किंकडु मैदान में उत्सव समारोह का उद्घाटन करेंगे। वहीं मंत्री अहमद देवरकोविल कासरगोड जिले के समारोह का उद्घाटन करेंगे। खेल, वक्फ और हज मंत्री वी अब्दुरहिमान 30 अगस्त को मलप्पुरम में ओणम समारोह का उद्घाटन करेंगे।

## फेल होने का डर अपनी ताकत को करता है कम : धनखड़

**झुंझुनूं।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि फेल होने का डर अपनी ताकत को कम करता है। इसलिए असफलता का भय नहीं रखना चाहिए।

धनखड़ आज झुंझुनूं जिले के दोरासर स्थित सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में अभिरुचि रखते हैं उसमें खुल कर आगे बढ़ें।

उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम आते थे, से में उन्हें डर लगने लगा था कि यदि वे प्रथम नहीं आए, तो क्या होगा। आज सोचते हैं कि प्रथम नहीं आकर दूसरे, तीसरे या चौथे स्थान पर भी रहते, तो भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ता उन्होंने कहा कि वह झुंझुनूं सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के बैच को राज्यसभा की कार्यवाही को देखने के लिए बुलाएंगे। श्री धनखड़ ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश का भविष्य हैं।

सैनिक स्कूल से जो भी विद्यार्थी निकलता है वो चाहे किसी भी क्षेत्र में जाए अच्छा ही करता है। उन्होंने कहा कि आज झुंझुनूं सैनिक स्कूल में आने पर उन्हें वो दिन याद आ गया है जब वे पहली बार सैनिक स्कूल में बतौर विद्यार्थी गए थे। उन्होंने कहा कि वे एक गांव से निकलकर पहली बार शहर गए थे और सैनिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ने उनकी जीवन की नींव रखी।

उन्होंने विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल के विद्यार्थी होने की बधाई देते हुए कहा कि आप भाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा मैं वादा करता हूं कि झुंझनू सैनिक स्कूल की प्रगति में हर छह महीने में नया आयाम मिलेगा।

## रामेश्वर डूडी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

जयपुर। कांग्रेस के नेता एवं राजस्थान कृषि उद्योग विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी की आज सुबह अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री डूडी की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत हो गए। उन्हें तुरंत मानसरोवर के मंगलम प्लस मेडिसिटी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है।

इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अस्पताल पहुंचकर श्री डूडी की कुशलक्षेम पूछी। गहलोत ने चिकित्सकों और परिजनो से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की।

उन्होंने मंगलम अस्पताल में सवाई मान सिंह अस्पताल के अधीक्षक एवं न्यूरो विशेषज्ञ डा अंचल शर्मा एवं अन्य चिकित्सकों से बातचीत की। इसके बाद उन्हें एसएमएस अस्पताल में शिफ्ट किया गया जहां उनका ऑपरेशन किया जायेगा। डूडी अभी वेंटीलेटर पर है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे डूडी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा में प्रगतिशील किसान, कृषि व्यवसायी एवं कृषि निर्यातकों का राज्य स्तरीय सम्मेलन होना था लेकिन अब उसे स्थगित कर दिया गया है।

### हिमाचल के चंबा में भूकंप के हल्के झटके

शिमला। मानसूनी वर्षा से आपदा की मार झेल रहे हिमाचल प्रदेश में धरती हिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। राज्य के चम्बा जिला में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 2.8 मापी गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके सुबह 10 बजकर दो मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन से छह किलोमीटर गहराई में था। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के प्रवक्ता ने बताया कि भूकंप के झटके कम तीव्रता के थे और इसमें किसी के हताहत और नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन चार व पांच में आता है। वर्ष 1905 को हिमाचल में 7.8 तीव्रता वाला बड़ा भूकंप आ चुका है।

## हिमाचल में तीन दिनों बाद कुल्लू-पंडोह सडक मार्ग बहाल, 700 वाहन निकाले

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पंडोह-कुल्लू सड़क के बहाल होते ही कुल्लू का बाद मंडी जिला से संपर्क जुड़ गया है। तीन दिनों तक कुल्लू का संपर्क देश-दुनिया से कटा रहा।

कुल्लू-पंडोह और बजौरा-कटौला सड़क बंद होने से बजौरा से लेकर झीड़ी के बीच 500 वाहन फंसे हुए थे। इसके अलावा 200 वाहन अन्य जगहों में फंसे थे। शनिवार को सड़क बहाल होने के बाद तीन दिन से फंसे हुए 700 वाहनों को मंडी की तरफ रवाना किया गया। इनमें अधिकतर वाहन सेब से लदे हुए थे। इसके अलाव तेल के खाली टैंकर और कुछ अन्य वाहन थे। कुल्लू-मंडी के बीच सड़क बहाल होने के बाद लोगों ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि बजौरा-कमांद सड़क अभी भी यातायात के लिए बहाल नहीं हो पाई है। कुल्लू-पंडोह में दिनरात कार्य करने के बाद सड़क को शनिवार सुबह वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया।

हालांकि पंडोह के पास बनी अस्थायी सड़क तंग होने के कारण यहां से वाहनों को एक तरफा ही भेजा जा रहा है। सुबह के समय जैसे ही बजौरा से झीड़ी तक फंसे हुए वाहनों को मंडी की तरफ भेजा गया तो यहां पर तीन दिनों से फंसे हुए लोगों की जान में जान आई। गाड़ियों में फंसे हुए लोगों की वाहनों में ही रातें कट रही थी। हालांकि प्रशासन की ओर से रेडक्रॉस सोसायटी और अन्य संस्थाओं ने लोगों को लंगर लगाकर खाना खिलाया।

पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि कुल्लू-पंडोह व बजौरा-कमांद सड़क बंद होने से मंडी की तरफ जाने वाले बजौरा से मंडी भेजा गया है।

इसके अतिरिक्त 30 छोटे वाहनों को जलोड़ी जोत से वाया आनी शिमला-चंडीगढ़ के लिए भी रवाना किया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू-पंडोह सड़क यातायात के लिए तंग होने के कारण जाम की समस्या आ रही है। कुल्लू की तरफ से मंडी जाने वाले वाहनों को फिलहाल औट में रोका गया है, जिन्हें रात नौ बजे के बाद भेजा जाएगा।

## पंजाब में 1807 खिलाड़ियों को 5.94 करोड़ की राशि से किया जाएगा सम्मानित

चंडीगढ़। खेलों और खिलाड़ियों के अनुकूल माहौल सृजन करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील पंजाब सरकार अब पिछले पाँच सालों के नकद इनामी राशि से वंचित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तोहफ़ा देने जा रही है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर खेल विभाग द्वारा 2017 से अब तक नकद इनामी राशि से वंचित रहे राज्य स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के पदक विजेता 1807 खिलाड़ियों की सूची तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री 29 अगस्त को बठिंडा में 'खेडां वतन पंजाब दियां' के सीजन-2 के उद्घाटन समारोह के अवसर पर इन 1807 खिलाड़ियों को कुल 5.94 करोड़ रुपए की इनामी राशि से सम्मानित करेंगे।

खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने रविवार को यहां जारी प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के संज्ञान में आया था कि राज्य में बहुत से खिलाड़ी ऐसे थे जिनको पदक जीतने के बावजूद पिछले पाँच सालों से नकद इनामी राशि नहीं मिली। मुख्यमंत्री मान द्वारा निर्देश दिए गए कि खेल विभाग इन खिलाड़ियों की सूची तैयार करके इनका हक दें। खेल विभाग द्वारा साल 2017 से अब तक ऐसे 1807 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है, जिनकी कुल इनामी राशि 5,94,45,400 (5.94 करोड़) रुपए बनती है। यह खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन कर चुके हैं।

खेल मंत्री ने कहा कि अब इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को बठिंडा में 'खेडां वतन पंजाब दियां' के सीजन-2 के उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री नकद इनामी राशि से सम्मानित करेंगे।

### सितंबर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल1

तिरुवनंतपुरम। भारतीय अंतरिक्ष संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि पहला आदित्य एल1 सौर मिशन सितंबर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। सोमनाथ ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, आदित्य एल1 उपग्रह तैयार है। यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो और देश का अगला लक्ष्य इसका प्रक्षेपण है। प्रक्षेपण सितंबर के पहले सप्ताह में होगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में इसके प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण के बाद आदित्य एल1 अण्डाकार कक्षा में जाकर 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा। सोमनाथ ने बताया कि आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला होगी और इस मिशन से वैज्ञानिकों को वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली-एनसीआर में अचानक बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार देर शाम गरज के साथ बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पूरे दिन लोगों को जलती-चुभती गर्मी से दो-चार होना पड़ा लेकिन शाम होते ही उन्हें बारिश की बौछारों ने राहत दी। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त की अंतिम दिन में सामान्य से कम बारिश होगी। दिल्ली में अगस्त के महीने में सिर्फ 91.8 एमएम बारिश हुई। सामान्य तौर पर अगस्त में 233.1 एमएम बारिश होती है। यानी यह अगस्त कम से कम 14 सालों का दूसरा सबसे सूखा अगस्त साबित हो सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले एक हफ्ते तक बादलों का आना-जाना लगा रहेगा लेकिन बारिश के आसार नहीं है। लोगों को एक बार फिर उमस भरी गर्मी से दो-चार होना पड़ेगा।

### मेट्रो के स्टेशनों पर लिखे देशविरोधी नारे

दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले खालिस्तानियों की शर्मनाक करतूत सामने आई है। दिल्ली मेट्रो के अलग-अलग पांच स्टेशनों पर देश विरोधी नारे लिखे गए हैं। दिल्ली पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने दिल्ली मेट्रो स्टेशनों के फुटेज जारी किए हैं। इनमें देश विरोधी नारे लिखे हुए हैं। दिल्ली के कई मेट्रो स्टेशनों पर शिवाजी पार्क से लेकर पंजाबी बाग तक एसएफजे कार्यकर्ता खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए देखे गए हैं। मेट्रो के पुलिस उपायुक्त जी राम गोपाल नाइक का बताया कि उन्हें सुबह 11 बजे नांगलोई थाने में नारेबाजी की सूचना मिली थी. इसे लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है. चार मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक स्लोगन लिखे हैं।

### महिला की मर्यादा को ठेस पहुंचाने का मामला, कांग्रेस के सोशल मीडिया टीम के सदस्य पर आरोप तय

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने कांग्रेस के सोशल मीडिया टीम के साथी चिराग पटनायक पर महिला की मर्यादा को ठेस पहुंचाने के मामले में आरोप तय किए है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजिंदर सिंह ने 23 अगस्त को एक मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए ये निर्देश पारित किए है। मजिस्ट्रेट अदालत ने पिछले साल अप्रैल में माना था कि धारा 354 के तहत अपराध के लिए आरोपी दंडनीय है। न्यायाधीश ने कहा कि शिकायत में आरोप थे कि आरोपी ने बिना किसी विशेष कारण के अपने सहकर्मी के कंधों और हाथों पर अपना हाथ रखा था। शिकायत में उल्लेखित अन्य आरोपों के मद्देनजर, इस स्तर पर यह मानने का कोई कारण नहीं है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के कंधों और हाथों पर अपने हाथों से कोई दबाव डाला था। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता के कंधों और हाथों को छूना आपराध की श्रेणी में आता है, क्योंकि इससे शिकायतकर्ता को परेशानी हुई थी।

### ट्रेन से कटकर मरने गई मां-बेटी को पुलिस ने बचाया

जेवर। दनकौर कोतवाली पुलिस का सराहनीय कार्य देखने को मिला है। दरअसल, घरेलू विवाद में शनिवार की देर रात मां बेटी ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान देने वाली थीं। उससे पहले ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को बचा लिया। बाद में पुलिस द्वारा कई घंटे तक दोनों को चौकी ले जाकर काउंसलिंग की गई। उसके बाद दोनों मां बेटी ने आत्महत्या नहीं करने का पुलिस को भरोसा दिया। जिसके बाद ही पुलिस ने दोनों को परिजनों के सुपुर्द कर घर भेज दिया। दनकौर कस्बा निवासी संजना नाम की एक युवती का अपने ही सगे भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद उनकी मां महेन्द्री ने दोनों का बीच बचाव किया तो उनसे भी कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों मां बेटी ने गुस्से में आकर घर से ट्रेन के आगे कूदने की योजना बनाई। रात को दोनों घर से करीब 12 किलोमीटर दूर दनकौर रेलवे स्टेशन पर एक ऑटो के माध्यम से पहुंच गईं। जहां उन्होंने पटरी पर लेट कर ट्रेन के आने का इंतजार किया। जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को वहां मौजूद कुछ लोगों के द्वारा लगी तो पुलिस ने भागकर दोनों को पटरी से अलग किया।

### खरीदारों का पैसा नहीं लौटाने पर रुद्रा बिल्डवेल होम्स सेल्स ऑफिस सील

ग्रेटर नोएडा। तहसील दादरी की राजस्व टीम ने शनिवार को ग्रेनो वेस्ट में रुद्रा बिल्डवेल बिल्डर का सेल्स ऑफिस सील कर दिया। बिल्डर पर यूपी रेरा के रिकवरी सर्टिफिकेट का 29.70 करोड़ से अधिक बकाया है। बिल्डर करीब 10 मामलों में हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना कर चुका है। राजस्व टीम ने बकाया चुकाने के लिए बिल्डर को सोमवार तक का समय दिया है। पैसे नहीं देने पर बिल्डर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि बकाया जमा करने के लिए रुद्रा बिल्डवेल होम्स के बिल्डर को बार-बार नोटिस जारी किए गए थे। शनिवार को तहसीलदार ओमप्रकाश पासवान टीम के साथ ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर एक स्थित सेल्स कार्यालय पर पहुंचे। बिल्डर के पैसा जमा नहीं करने पर तहसील की राजस्व टीम ने कर्मचारियों को बाहर निकालकर सेल्स कार्यालय को सील कर दिया। अफसरों ने बताया कि बिल्डर के खिलाफ हाईकोर्ट के करीब 10 अवमानना के मामले हैं। उनमें भी बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहा है। बिल्डर की अन्य संपत्ति की तलाश की जा रही है। जिसे जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने पिछले वर्ष भी रुद्रा बिल्डवेल का कार्यालय सील किया था। तब हाईकोर्ट की सख्ती के बाद प्रशासन हरकत में आया था।

### जीएसटी घोटाले में फरार नौ आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

नोएडा। 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी घोटाले में फरार नौ आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने शनिवार को 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दो माह के दौरान दी गई कई दबिश के बाद भी आरोपी नहीं पकड़े गए हैं। फर्जीवाड़े में अब तक 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने दो महीने पहले जीएसटी फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया था। जांच करीब 15 हजार करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़े की बात सामने आई थी। इनाम घोषित होने वाले आरोपियों में दिल्ली निवासी अंचित गोयल, प्रदीप गोयल, अर्जित गोयल, रोहित नागपाल , हरियाणा निवासी कुणाल मेहता, आशीष अलावादी, बलदेव उर्फ बल्ली, विकास डबास और मध्यप्रदेश निवासी प्रवीण शामिल हैं। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया शनिवार को इन आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया है। जल्द ही आरोपियों की संपत्ति की पहचान कर कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू होगी। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। कई आरोपियों के फ्लैट सहित अन्य संपत्ति को कुर्क किया गया है। इस गिरोह के जालसाजों ने देश के अलग-अलग हिस्से में 2660 फर्जी कंपनी बनाई और इन कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्ट क्रेडिट प्राप्त कर फर्जीवाड़ा किया।

### टीबी: जिले में हर माह मिल रहे 875 मरीज

**नोएडा।** साल 2025 तक ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) मुक्त भारत बनाने के लिए मरीजों की पहचान का दायरा बढ़ाया गया है। इस बीच गौतमबुद्ध नगर में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जिले में आठ माह में 12 हजार संदिग्ध मरीजों की जांच की गई। इनमें सात हजार टीबी रोगियों की पुष्टि हुई है। यानी जांच में लगभग हर दूसरा शख्स टीबी का मरीज मिला है। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो शहरी क्षेत्र में इस बीमारी का खतरा ज्यादा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनपद में इस साल 10,333 टीबी मरीजों को तलाशने का लक्ष्य शासन से मिला है। हर महीने 1500 से अधिक मरीजों की जांच हो रही है। जिले में हर माह टीबी के औसतन 875 मरीज मिल रहे हैं। मरीजों की संख्या जिस रफ्तार से बढ़ रही है उससे इस साल पिछले सारे रिकॉर्ड टूटने की आशंका है। पिछले वर्ष में 9,790 टीबी रोगी जनपद में मिले थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है जनपद में सबसे ज्यादा मरीज नोएडा में मिल रहे हैं, इसकी वजह इस क्षेत्र की घनी आबादी माना जा रहा है। टीबी की बीमारी जितनी जल्दी पकड़ में आती है इलाज उतना ही आसान होता है।

# मिड डे मील सप्लाई करने वाली कंपनी पर केस

## जूस के सैंपल की रिपोर्ट का इंतजार; अस्पताल से मिली छुट्टी

नई दिल्ली। सागरपुर के दुर्गा पार्क स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में शुक्रवार को मिड-डे मील में सोया जूस पीने के बाद बीमार हुए छात्रों के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मिड डे मील मुहैया कराने वाली एजेंसी के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। बीमार हुए करीब 194 बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने बच्चों के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है।




### सैंपल रिपोर्ट आने का इंतजार बाकी

पुलिस अधिकारी का कहना है कि जूस का सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार शाम स्कूल में मिड डे मील में दिए गए सोया जूस को पीने के बाद छात्रों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की। उसके बाद पुलिस ने छात्रों को डीडीयू औक दादा देव के बाद द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात इलाज के बाद बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दी जाने लगी।

इसके बाद पुलिस ने बच्चों के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मिड डे मील सप्लाई करने वाली कंपनी के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारी का कहना है कि जांच के दौरान पुलिस जूस के एक्सपायरी डेट की भी जांच करेगी।

### सभी बच्चों को मिली अस्पताल से छुट्टी

सभी बच्चों को शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इनमें से तीन बच्चों को रातभर अस्पताल में निगरानी के लिए रखा गया। इन बच्चों को बुखार की शिकायत थी। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में 113 बच्चे लाए गए थे। इनमें से एक बच्चे को बुखार की शिकायत थी। जिसे निगरानी में रखा गया। बाकि को छुट्टी प्राथमिक उपचार के बाद शुक्रवार देर रात ही छुट्टी दे दी गई। वहीं दादा देव मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में 45 छात्रों को लाया गया। इनमें से दो बच्चों को बुखार के कारण रातभर निगरानी के लिए रखा गया था। वहीं इंदिरा गांधी अस्पताल में लाए गए कुल 36 बच्चों को भी छुट्टी दे दी गई।

### बिना वजह चार युवकों पर चाकू से हमला, एक की मौत

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार देर रात बदमाशों ने बिना वजह चार युवकों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें 25 वर्षीय रवि की मौत हो गई। पुलिस ने वारदात में शामिल चारों बदमाशों की पहचान कर ली है। बताया जा रहा है कि ये सभी नाबालिग हैं।पुलिस अधिकारी ने बताया कि ई ब्लॉक निवासी 20 वर्षीय लाल सिंह शनिवार देर रात करीब 12.20 बजे भोजन करने के बाद सड़क पर टहल रहा था। तभी तीन-चार शख्स अंधेरे में गुजरे। उन्होंने बिना कुछ कहे लाल सिंह के शरीर के पिछले हिस्से पर चाकू से तीन चार वार कर दिए। हमले के बाद बदमाश आगे बढ़ गए। शोर सुनकर लोगों ने घायल को बीजेआरएम अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच बदमाशों ने 12.40 बजे घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर थाने के पास ई ब्लॉक निवासी ध्रुव पर चाकू से तीन से चार वार कर दिए।पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाशों ने दस मिनट बाद ही बाबू जगजीवन राम अस्पताल के पास सीडी पार्क निवासी मुनाफ पर चाकू से हमला कर दिया। मुनाफ ने बताया कि उसे हमले की वजह नहीं मालूम है।

# गाजियाबाद में पूर्व पार्षद ने कब्जाई 30 करोड़ की जमीन

## पहले मदरसा फिर मस्जिद और कुछ दुकानें बनाईं

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पूर्व पार्षद ने नगर निगम की करीब 30 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया। यहां कुछ दुकानें बनवाई गईं और उन्हें किराए पर उठा दिया। कई साल बाद ये मामला उजागर हुआ तो नगर निगम हरकत में आ गया। निगम के संपत्ति अधिकारी ने पूर्व पार्षद के खिलाफ घंटाघर कोतवाली में एफआईआर कराई है। वहीं मेयर ने इस जमीन को कब्जामुक्त कराने का निर्देश दिया है।

गाजियाबाद नगर निगम के संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम के अनुसार, पूर्व पार्षद खलील अहमद निवासी कैला भट्टा ने खसरा संख्या-213 की 2.3340 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा करके अस्थायी निर्माण करके उसे किराए पर उठा रखा है। भोलानाथ गौतम की ओर से कोतवाली में शिकायत की गई है।

स्थानीय लोगों ने मेयर को बताया, पहले उक्त जमीन पर एक मदरसा बनाया गया। इस मदरसे में मस्जिद स्थापित की गई। मदरसे की जो कमेटी बनाई गई थी, उसमें खलील अहमद मुख्य भूमिका में था। कमेटी पर कब्जा करने के बाद खलील अहमद ने वहां कुछ दुकानें बनाई और उन्हें किराए पर उठा दिया गया। इसके बाद वहां से मदरसा भी खत्म कर दिया। आरोप है कि अब इस जगह पर कुछ अवैध काम होते हैं।

कुछ महीनों पहले लोगों ने सपा के महानगर अध्यक्ष को ज्ञापन देकर खलील अहमद को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की थी। नगर निकाय के कुछ दिनों पहले हुए चुनाव में जब सपा ने खलील अहमद को टिकट नहीं दिया तो उसने बसपा जॉइन कर ली और पार्षद का टिकट पा लिया। हालांकि चुनाव में उसे हार मिली थी।

उधर, इस बारे में गाजियाबाद नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल ने कहा, मस्जिद आस्था का केंद्र है। उसे हम छुएंगे भी नहीं।

बाउंड्री बनाकर उसको एकदम अलग कर देंगे, लेकिन बाकी जगह को छोड़ेंगे नहीं। इस मामले में हम मुकदमा दर्ज करा रहे हैं।

# मोदीनगर में क्लास 5 की छात्रा से डिजिटल रेप

**मोदीनगर।** मोदीनगर की एक कॉलोनी में कक्षा पांच की छात्रा के साथ डिजिटल रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी एक माह से बच्ची के प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़छाड़ करता आ रहा है। शक होने पर जब परिजनों ने बच्ची से पूछा तो बच्ची से बता दिया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। निवाड़ी रोड स्थित एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी व नौ साल की बच्ची के साथ किराए के मकान में रहता है। पति पत्नी एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। सुबह घर से निकलकर देर रात ही आते हैं। घर पर उनकी नौ साल की बच्ची अकेली रह जाती है।

उनकी पुत्री कक्षा पांच में पढ़ती है। मां ने बताया कि तीन चार दिन से नोटिस किया जा रहा है कि बच्ची बड़े कपड़े पहनती है और हर समय कमरे में दरवाजा बंद करके ही रहती है। उन्होंने बताया कि मुझे शक हुआ तो बच्ची से ऐसा करने का कारण पूछा। पहले तो वह कुछ नहीं बोली, लेकिन जब जोर दिया गया तो जोर जोर से रोने लगी। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि घर के बाहर चाउमीन का ठेला लगाने वाले अंकल मेरे साथ गलत हरकत करते हैं। बच्ची ने बताया कि स्कूल से आने के बाद वह मुझे अपने पास बुला लेते और फिर अश्लील हरकत कर प्राईवेट पार्ट से छेड़छाड़ करते हैं। किसी को यह बात बताने पर मम्मी पापा को जान से मारने की धमकी देता है। बच्ची ने बताया कि एक महीने से यह इस तरह की हरकत कर रहा है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में बदले जा रहे हैं टीचर बनने के नियम

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों में शिक्षकों की पदोन्नति के लिए नया मसौदा लाया जा रहा है। इसे एक जुलाई 2024 में लागू किया जाना है। हालांकि, इसकी शर्तों को लेकर शिक्षकों में विरोध शुरू हो गया है। शिक्षक संगठनों ने इसमें बदलाव की मांग की है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए ये होगा नियम

नए मसौदा के मुताबिक, अब असिस्टेंट प्रोफेसर के लेवल 11 से 12 के लिए पदोन्नति हासिल करने के लिए एक छात्र को पीएचडी अवार्ड कराना या प्रोफेसर के पर्यवेक्षण में पीएचडी करना अनिवार्य करने की योजना है। पांच वर्षों में 11 से 12 लेवल के लिए पदोन्नति होती है। शिक्षकों का कहना है कि यह व्यवस्था ठीक नहीं है। इससे पढ़ाने की प्रोफेसर की कुशलता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।




### एसोसिएट प्रोफेसर के लिए दो पीएचडी अवार्ड होना जरूरी

पीएचडी के लिए छात्र का चयन विभाग के हाथ में होता है। इस नियम से कई शिक्षकों के साथ भेदभाव की गुंजाइश है। इसके अलावा अब लेवल 12 से एसोसिएट प्रोफेसर बनने के लिए दो पीएचडी अवार्ड होना या दो उक्त प्रोफेसर के पर्यवेक्षण में हो रही हो या इसमें भी कम से कम के वे मुख्य पर्यवेक्षक हों। एसोसिएट प्रोफेसर से पूर्ण प्रोफेसर बनने के लिए दो छात्रों की पीएचडी अवार्ड होना और दो साथ में चल रही हों, जरूरी कर दिया गया है।

### सीनियर प्रोफेसर बनने के लिए छह पीएचडी अवार्ड होनी चाहिए

प्रोफेसर को सीनियर प्रोफेसर बनने के लिए छह पीएचडी अवार्ड कराई होनी चाहिए। इसमें तीन उनके मुख्य पर्यवेक्षण में हों या इन छह में से दो मूल्यांकन अवधि के दौरान प्रोफेसर के मुख्य पर्यवेक्षण या सहायक पर्यवेक्षण में होना जरूरी है। विधि संकाय में प्रोफेसर और इंडियन टीचर्स कांग्रेस के महासचिव प्रो. मेघराज ने कहा, फैसले से शिक्षकों की क्षमता का आकलन पीएचडी कराने से हो रहा है, जबकि यह विभाग के हाथ में होता है।

इससे शिक्षक की खुद की योग्यता का क्या होगा। उन्होंने कहा कि अगर विभाग किसी को पीएचडी छात्र नहीं देगा तो उस प्रोफेसर की पदोन्नति ही विलंबित हो जाएगी। नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट के सदस्य प्रो. हरेंद्र तिवारी ने कहा, हम फैसले का विरोध करेंगे। अभी इसे अकादमिक और कार्यकारी परिषद में लाया जाना है। इसलिए चर्चा होना बाकी है।

उन्होंने कहा, स्कोपस और यूजीसी केयर में आर्टिकल प्रकाशित करने को भी इसके तहत अनिवार्य किया गया है। पियर रिव्यू के आर्टिकल की महत्ता नहीं रह जाएगी। जबकि उनमें भी अच्छे जर्नल हैं। 30 जून 2024 तक छपे सभी प्रकाशकों के आर्टिकल मान्य किए जाएंगे। लेकिन, एक जुलाई 2024 से नियम बदल जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में घर खरीदारों का प्रदर्शन

## सरकार को अमिताभ कमेटी की रिपोर्ट जल्द लागू करे, रजिस्ट्री-घरों का पजेशन मिले

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में घर खरीदारों ने 37वें हफ्ते भी एकजुट होकर प्रदर्शन किया। एक बार फिर सरकार को याद दिलाया कि रजिस्ट्री और रुके हुए प्रोजेक्ट में जल्द से जल्द काम शुरू हो। नेफोवा पिछले कई हफ्तों से विरोध प्रदर्शन के साथ ही मुख्यमंत्री और तमाम बड़े अधिकारियों से मिलकर रजिस्ट्री और पजेशन के मुद्दे को उठाता रहा। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के एक मूर्ति गोल चक्कर पर घर खरीददारों ने रविवार को प्रदर्शन किया।

आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम, दीपांकर कुमार ने कहा कि सरकार को अमिताभ कमेटी की रिपोर्ट जल्द से जल्द लागू करनी चाहिए और रजिस्ट्री और घरों का पजेशन शुरू हो। लगातार विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले इंद्रीश गुप्ता, राजकुमार, महेश यादव, रोहित मिश्रा, अनिल रात्रा, अनुराग खरे, विभूति चोरसिया, दीपक गुप्ता ने कहा है कि सरकार के पास अब एक अहम रिपोर्ट है। अमिताभ कांत कमेटी की रिपोर्ट में सभी तरह के सुझाव दिए गए हैं, अगर सरकार उस रिपोर्ट के आधार पर आगे बढ़ेगी तो लाखों घर खरीदारों को फ़ायदा होगा।




### 37 हफ्तों से कर रहे प्रदर्शन

घर खरीदारों ने कहा कि वह 37 हफ्तों से हर रविवार अपने सब काम का छोड़कर प्रदर्शन करते हुए आ रहे हैं, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए खर्च करने के बाद उन्होंने अपने सपनों का घर लिया है, लेकिन ना तो रजिस्ट्री हो रही है और ना ही काफी लोगों को अभी तक पजेशन मिला है। घर ख़रीदार डॉ सुशील, शिव, शेर सिंह, पीयूष कांत, हिमांशु सक्सेना, अभिषेक जैन, बिपिन प्रसाद, एसपी गुप्ता, पीके श्रीवास्तव, सुहैल ख़ान, विकास जोशी सहित कई लोगों ने कहा कि आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

### प्रदर्शन में ये हुए शामिल

विरोध प्रदर्शन में इको विलेज 1, इको विलेज 2, इको विलेज 3, ला रेज़ीडेंशिया, ऐपेक्स गोल्फ ऐवेन्यू, अजनारा होम्स, कासा ग्रीन्स वन, श्री राधा एक्वा गार्डेन, देविका गोल्ड होम्ज़, ऐश्वरयम, संस्कृति सहित कई सोसाइटियों के निवासियों ने हिस्सा लिया।

# यूपी में अपराधियों को सजा दिलाने में टॉप पर गाजियाबाद

एजेंसी

गाजियाबाद। अपराधियों को सजा दिलवाने के मामले में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पूरे यूपी में अव्वल रहा है।

यहां के पुलिस अधिकारियों ने अभियोजन अधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर प्रमुख आपराधिक मामलों की मजबूती से पैरवी की। इसका नतीजा ये रहा कि इस साल 130 अपराधियों को यहां की विभिन्न कोर्ट ने सजा सुनाई।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट, हापुड़, कौशांबी, बुलंदशहर, बागपत, जालौन, फतेहपुर, कानपुर पुलिस कमिश्नरेट, मुरादाबाद और बिजनौर जिले टॉप टेन में क्रमानुसार हैं। वहीं सजा दिलाने के मामले में सबसे खराब जिलों में बहराइच, बलिया, कुशीनगर, संत कबीरनगर, सोनभद्र, संभल, बलरामपुर, रायबरेली और मऊ हैं।

24 अगस्त को गाजियाबाद पहुंचे स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण के सामने भी जिले के पुलिस अधिकारियों ने आंकड़े प्रस्तुत किए थे। इस रिपोर्ट के अनुसार, गाजियाबाद में 252 अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई हुई। 143 इनामी अपराधी पकड़े गए।

आठ अपराधियों पर रासुका लगाई गई। दो अपराधियों को फांसी और 46 अपराधियों को कोर्ट से उम्र कैद की सजा हुई।


इसके अलावा डायल-112 के रिस्पॉन्स और सभी प्रकार के सत्यापन कार्यों में भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट नंबर वन रहा है।

### ऑपरेशन में लापरवाही पर अस्पताल देगा इलाज का खर्च

**ग्रेटर नोएडा।** पेट दर्द होने पर पित्त की थैली निकलने के लिए ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई। फिर से दूसरे अस्पताल में ऑपरेशन कराना पड़ा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने अस्पताल को इलाज में खर्च हुए 2.25 लाख रुपये का 30 दिन में भुगतान का आदेश दिया है। अस्पताल पर 10 हजार रुपये हर्जाना भी लगाया है। दादरी के फूलपुर गांव निवासी मुनेश के पेट में दर्द होने पर उनको 3 जून 2021 को अस्पताल में दिखाया गया। अल्ट्रासाउंड कराने पर डॉक्टर ने बताया कि उनकी पित्त की थैली में पथरी है। दस दिन के बाद ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन के लिए कुमार अस्पताल में दिखाया था। 6 जून 2021 को ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद 9 जून 2021 को अस्पताल से छुट्टी कर दी। लेकिन उसके बाद भी दर्द ठीक नहीं हुआ। दूसरी जगह अल्ट्रासाउंड कराया गया तो पित्त की थैली में पथरी होना बताया गया। इसके बाद कैलाश अस्पताल में ऑपरेशन किया गया।

# ई- साइकिल योजना 4 महीने में फ्लॉप , प्राधिकरण करेगी ब्लैक लिस्ट

नोएडा। नोएडा में कार्बन उत्सर्जन को कम कर पर्यावरण सुरक्षा के लिए ई- साइकिल योजना शुरू की थी। ये योजना चार महीने में फ्लॉप होती दिख रही है। इसके जरिए एक साल में करीब 1125 टन कार्बन उत्सर्जन को बचाया जाना था। ये उत्सर्जन कार और अन्य व्हीकल से पैदा होता है। अब प्राधिकरण इस कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने जा रहा है। कंपनी को एक नोटिस जारी किया गा है। इसी कंपनी को सिटी बस सेवा का संचालन करने की जिम्मेदारी भी दी जानी थी। लेकिन एक शिकायत के बाद कंपनी को वहां से भी हटा दिया गया। प्राधिकरण ने एक स्टडी की जिसके मुताबिक एक ई-साइकिल कम से कम दिन में तीन बार प्रयोग में लाई जानी थी। 500 साइकिल प्रतिदिन 1500 चक्कर लगाती। इस स्थिति में सालाना 1125 टन कार्बन उत्सर्जन को बचाया जा सकता। यदि इतनी ही पेट्रोल व डीजल वाहन सड़क पर चले तो इससे कई गुना अधिक कार्बन का उत्सर्जन करेंगे। ऐसे में पर्यावरण को नुकसान होगा साथ ही यातायात कंजप्शन में बढ़ोतरी होगी।




### चार साल में शुरू हो सकी योजना , चार महीने में फ्लॉप

योजना को परवान चढ़ने में चार साल का समय लग गया। लेकिन चार महीने में ये योजना धड़ाम हो गई। जबकि तत्कालीन सीईओ को यह भली भांति पता था कि यह कंपनी ई साइकिल का संचालन नहीं कर पाएगी, फिर भी इसी कंपनी को संचालन का जिम्मा सौंपा गया। अधिकारी सिटी बस संचालन की जिम्मेदारी भी इसी कंपनी सौंपना चाहती थी, कंपनी ने एलवन टेंडर भी हासिल कर लिया था, लेकिन शिकायत के बाद सिटी बस संचालन का टेंडर अलाटमेंट रोक दिया।

### नोएडा स्थापना दिवस पर शुरू हुई थी सेवा

17 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण स्थापना दिवस पर दो फेज में ई साइकिल संचालन की जिम्मेदारी कंपनी को सौंपी गई। जिसमें चार माह में कंपनी को प्रथम फेज का सौ प्रतिशत संचालन 31 डाक स्टेशन पर शुरू करना था। लेकिन वह पूरा नहीं कर सकी। अभी सिर्फ 27 डाक स्टेशन पर ई साइकिल संचालन का दावा किया जा रहा है।

दूसरे फेज में अक्टूबर तक 31 और डाक स्टेशन पर ई साइकिल संचालन करना था। लेकिन कंपनी ने पिछले दो माह में दूसरे फेज का काम तक शुरू नहीं किया।

## सालाना 1125 टन कार्बन उत्सर्जन बचाना था

### बुकिंग से पहले लेना होता है सब्सक्रिप्शन

डॉक स्टेशन से साइकिल को लेने से पहले टर्बन मोबिलिटी एप को डाउनलोड करना होता है। इसके बाद 299 रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करनी होती है। ये पैसा आपके वॉलेट में वापस आ जाएगा। इसमें मंथली सब्सक्रिप्शन भी है जिसमें एक बार में 1400 के आसपास पैसा जमा करना होता है। इसके बाद वो महीने भर तक साइकिल चला सकता है। लेकिन सब्सक्राइबर भी नहीं बढ़े। अब तक 1200 सब्सक्राइबर हैं।

### नोएडा में बनाए गए 62 डॉक स्टेशन

सेक्टर-2 एसबीआई बैंक, सेक्टर-3 भूमिगत वाहन पार्किंग, सेक्टर-6 प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर-12 जेड ब्लॉक मार्केट, सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16ए एपीजे स्कूल, सेक्टर-18 बहुमंजिला वाहन पार्किंग, सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-20 नोएडा प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-25 मार्केट, सेक्टर-29 गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र मार्केट, सेक्टर-30 जिला चाइल्ड अस्पताल, सेक्टर-33 एआरटीओ ऑफिस, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन बस डिपो, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-39 सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-39 जिला संयुक्त अस्पताल, सेक्टर-44 महामाया स्कूल सेक्टर-50 मार्केट, सेक्टर-57 एयरटेल ऑफिस, सेक्टर-58 पुलिस चौकी, सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-60 एवीपी रोड, सेक्टर-62 टॉट मॉल मार्केट ,सेक्टर-62 बी ब्लॉक मार्केट सेक्टर-62 सैमसंग बिल्डिंग आदि है।

## संपादकीय

# लापरवाही की आदत

जैसे रेलवे मदुरई में हुए हादसे की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता उसी तरह वे यात्री भी नहीं जो सिलेंडर लेकर बोगी में सवार हुए। यह नहीं माना जा सकता कि यात्री इससे अवगत न हों कि ट्रेन में सिलेंडर लेकर चलना एक दंडनीय अपराध है। वास्तव में यह एक कटु सत्य है कि औसत भारतीय सुरक्षा नियमों की जानबूझकर अनदेखी करने और जोखिम उठाने का आदी हो गया है।

समझना कठिन है कि रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को सिलेंडर ले जाने से रोका क्यों नहीं ?

सुरक्षा संबंधी नियमों की अनदेखी और जानबूझकर बरती जाने वाली लापरवाही कैसे घातक नतीजे सामने लाती है, इसका ताजा उदाहरण है मदुरई में ट्रेन की एक बोगी में गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत। इस घटना में करीब 20 यात्री झुलस भी गए हैं। इस घटना से बचा जा सकता था, यदि ट्रेन की बोगी में सिलेंडर ले जाने से रोका गया होता।

समझना कठिन है कि रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को सिलेंडर ले जाने से रोका क्यों नहीं और वह भी तब, जब यह स्पष्ट नियम है कि ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलना सख्त मना है ? क्या यह विचित्र नहीं कि ट्रेन लखनऊ से मदुरई पहुंच गई, लेकिन इतनी लंबी दूरी के दौरान किसी रेलकर्मी ने यह ध्यान नहीं दिया कि यात्री सिलेंडर साथ लेकर यात्रा कर रहे हैं ?

स्पष्ट है कि रेलवे अधिकारी केवल यह कहकर कर्तव्य की इतिश्री नहीं कर सकते कि सिलेंडर को अवैध तरीके से ट्रेन की बोगी में ले जाए जाने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। माना कि तीर्थयात्रा पर जा रहे लोगों ने पूरी बोगी बुक कराई थी, लेकिन क्या इस तरह की बोगी में किसी को कुछ भी ले जाने की अनुमति है ? रेलवे के नियम तो कुछ और ही कहते हैं।

जैसे रेलवे मदुरई में हुए हादसे की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता, उसी तरह वे यात्री भी नहीं, जो सिलेंडर लेकर बोगी में सवार हुए। यह नहीं माना जा सकता कि यात्री इससे अवगत न हों कि ट्रेन में सिलेंडर लेकर चलना एक दंडनीय अपराध है। वास्तव में यह एक कटु सत्य है कि औसत भारतीय सुरक्षा नियमों की जानबूझकर अनदेखी करने और जोखिम उठाने का आदी हो गया है।

केवल ट्रेनों में ही सुरक्षा नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाता। यह काम सड़कों और यहां तक कि राजमार्गों पर भी किया जाता है। जहां तमाम दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाना आवश्यक नहीं समझते, वहीं कार चला रहे अनेक लोग सीट बेल्ट नहीं लगाते।

बात केवल इतनी ही नहीं है। लोग तय गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाते हैं। कई बार तो वे विपरीत दिशा में भी वाहन चलाने लग जाते हैं। कभी-कभी तो रात में भी। ऐसा करके वे अपने साथ दूसरों की भी जान जोखिम में डालते हैं। यदि कभी पुलिस ऐसे लोगों को रोकती-टोकती है तो कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो गलती मानने के बजाय लड़ने पर आमादा हो जाते हैं।

स्वतंत्रता का यह अर्थ नहीं कि जिसके जो मन में आए, वह करे और यहां तक कि नियम-कानूनों का पालन करने से इन्कार करे। दुर्भाग्य से अपने देश में यह काम खूब होता है और इसी कारण आए दिन जानलेवा हादसे होते रहते हैं। यह समझा जाना चाहिए कि औसत लोगों में अनुशासन का अभाव और नियम-कानूनों की अनदेखी की प्रवृत्ति ऐसी खराब आदत है, जो भारत को विकसित देश बनाने में एक बाधा है।



# उत्तर प्रदेश की बदल रही है तसवीर...लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

**उमेश चतुर्वेदी**

अब शेयर बाजार में उत्तर प्रदेश के निवेशक छा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डीमैट अकाउंट का आंकड़ा करीब 12 करोड़ हो चुका है। 23 करोड़ की जनसंख्या वाले राज्य में 12 करोड़ खातों के जरिए शेयर बाजारों में दस्तक देना मामूली बदलाव नहीं है।

इसे बिडंबना नहीं तो क्या कहेंगे कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का उपजाऊ मैदानों के बावजूद उत्तर प्रदेश की ख्याति बीमारू यानी रोगी राज्य के रूप में रही। उत्तर प्रदेश राजनीतिक रूप से बेहद सचेत लोगों का भी राज्य रहा है। माना जाता है कि जिस इलाके की जनता राजनीतिक रूप से ज्यादा सचेत होती है, वहां विकास की धारा बहती रहती है। माना तो यह भी जाता है कि प्रभावी राजनीति जिस इलाके का प्रतिनिधित्व करती है, उस इलाके में विकास की गति अपने आप तेज हो जाती है। उत्तर प्रदेश प्रभावी राजनीति का भी केंद्र रहा है। देश को उसने आठ प्रधानमंत्री दिए, जिनमें से छह की जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश की माटी रही है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश अपनी अराजक संस्कृति और भ्रष्टाचारी शासन व्यवस्था के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। लेकिन अब इसी उत्तर प्रदेश की छवि बदलने लगी है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को दिया जा सकता है। जिसकी वजह से ना सिर्फ यहां के अराजक माहौल में बदलाव आने लगा है, बल्कि इस राज्य को अब उद्योग और कारोबार के लिए मुफीद माना जाने लगा है।

अस्सी के दशक में जब उत्तर प्रदेश के ही संसदीय नुमाइंदे राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बीमारू राज्य की परिकल्पना पेश की थी। बीमार यानी रूग्ण से प्रेरित यह बीमारू शब्द बुनियादी रूप से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा था। इन्हीं में से तीन राज्य अलग होकर अब सात राज्य हो गए हैं। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अपने मूल राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार से अलग होने के बावजूद जितनी तेज तरक्की की उम्मीद की जा रही थी, वैसी नजर नहीं आ रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश इनमें से अलग राह पर चलता दिख रहा है। निश्चित तौर पर इसके लिए योगी आदित्यनाथ की कड़क और कुशल शासन व्यवस्था को श्रेय दिया जा सकता है।

किसी भी राज्य में कारोबार और उद्योग कब पनपता है, जब वहां की कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होती है, वहां बुनियादी ढांचा मसलन सड़क, बिजली और पानी की सहूलियत होती है। इसके साथ ही मेडिकल यानी चिकित्सा सुविधा भी बेहतर होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश में बिजली छोड़ सारे संसाधन थे, लेकिन कानून-व्यवस्था बेहद लचर थी। अराजक व्यक्तियों और समूहों के इशारे पर ही जैसे राज्य की कानून-व्यवस्था चलती थी। राजनीति एक तरह से उनकी पिछलग्गू थी। बिजली राज्य की राजधानी लखनऊ और कुछ-एक वीआईपी माने जाने वाले शहरों में ही होती थी। बाकी समूचा राज्य बिजली की आंख-मिचौनी देखता था। सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की मनमानी चलती थी। लेकिन साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले कानून-व्यवस्था की हालत की तरफ ध्यान दिया। ऐसा नहीं कि योगी के प्रयासों से कानून- व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश स्वर्ग बन गया है। लेकिन यह भी सच है कि कानून का भय अब अराजक समूहों में आया है। सड़कें दुरुस्त हुई हैं। हालांकि छोटे इलाकों और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बिजली की हालत भी ठीक हुई है। अब समूचे प्रदेश में बिजली है। इसका असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

अब शेयर बाजार में उत्तर प्रदेश के निवेशक छा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डीमैट अकाउंट का आंकड़ा करीब 12 करोड़ हो चुका है। 23 करोड़ की जनसंख्या वाले राज्य में 12 करोड़ खातों के जरिए शेयर बाजारों में दस्तक देना मामूली बदलाव नहीं है। बीते अप्रैल तक के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में इक्विटी ट्रेंड की वजह से 1.26 लाख नए निवेश जुड़े हैं। दिलचस्प यह है कि यह आंकड़ा शेयर कारोबारियों की राजधानी मुंबई वाले महाराष्ट्र राज्य के मुकाबले ज्यादा हो चुका है। आंकड़ों पर ध्यान दें तो बीते अप्रैल में महाराष्ट्र में जहां 1.18 लाख नए निवेशक ही जुड़े, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा करीब 1.26 लाख रहा। राज्य के बदलते बुनियादी ढांचे और बेहतर होती कानून-व्यवस्था का ही असर कहा जाएगा कि बीती फरवरी में हुए निवेशक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

कभी इलाहाबाद, आगरा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय समेत राज्य के तमाम विश्वविद्यालय अराजकता के पर्याय माने जाते थे। हालांकि इनका गौरवशाली अतीत रहा है। भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में इन विश्वविद्यालयों का सार्थक हस्तक्षेप रहा है। लेकिन राजनीतिक संस्कृति बदलने से बाद के दिनों में उत्तर प्रदेश शैक्षिक रूप से पिछड़ता जा रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य बदलने लगा है। स्कूली स्तर पर भी पढ़ाई की रेल पटरी पर आने लगी है। इसका असर इस साल की नीट की परीक्षाओं के नतीजे पर भी दिखा। इस बार इस परीक्षा में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के ही विद्यार्थी कामयाब हुए हैं, जिनकी संख्या करीब 1.39 लाख है, जबकि महाराष्ट्र के 1.31 लाख और राजस्थान के एक लाख से कुछ ही अधिक छात्र सफल रहे। योगी राज के छह सालों में राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में 60 लाख विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है।

उत्तर प्रदेश में पहले गिने-चुने मेडिकल कॉलेज ही थे। लेकिन योगी शासन में एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना की गई और वह अब साकार होती नजर आ रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, विशेषकर गोरखपुर के आसपास हर साल दिमागी बुखार से सैकड़ों बच्चों की हृदयद्रावक मौत होती थी। लेकिन योगी शासन में इस पर काबू पाने की कोशिशें तेज हुईं और अब स्थिति बेहद काबू में है। आज हालात यह है कि दिमागी बुखार पर 98 फीसदी तक काबू करके बहुमूल्य जीवन बचाने में सफलता हासिल की जा चुकी है।

उत्तर प्रदेश गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का मैदान है। ये नदियां राज्य की जीवन रेखा ही नहीं, खेती-किसानी का सांस्कृतिक जरिया भी हैं। जनसंख्या घनत्व ज्यादा और प्रति व्यक्ति जोत कम होने के बावजूद आज स्थिति यह है कि राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन 20 फीसद अकेले कर रहा है। इसकी बड़ी वजह है, राज्य में कृषि उपज के मूल्यों में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी। 2017 में योगी सरकार के शासन में आने के बाद एमएसपी के तहत किसानों की कृषि लागत का डेढ़ गुना रकम दिया जा रहा है। राज्य की खेती-किसानी सदियों से मशहूर रही है। विशेषकर गन्ना की खेती के मामले में राज्य एक दौर में शीर्ष पर रहता था। हालांकि बाद के दिनों में हालात बदलते गए। लेकिन इस मामले में राज्य ने एक बार फिर बाजी मारी है। इसकी वजह है कि राज्य में गन्ना खरीद नीतियों में बदलाव लाया गया। जिसका फायदा किसानों को मिल रहा है। यही वजह है कि राज्य देश के कुल गन्ने का 44.50 प्रतिशत की पैदावार कर रहा है। इस मामले में भी महाराष्ट्र 25.45 प्रतिशत पैदावार के चलते दूसरे नंबर पर जा पहुंचा है।

बुनियादी ढांचा के मामले में भी पिछले छह सालों में राज्य ने काफी कुछ हासिल किया है। राज्य में पांच एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। वहीं 13 एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी है। साल 2017 में राज्य में सिर्फ दो लखनऊ और वाराणसी हवाई अड्डे ही संचालित हो रहे थे, लेकिन आज राज्य के नौ शहर हवाई मार्ग से जुड़ गए हैं। केंद्र सरकार की योजना के अनुसार मौजूदा वर्ष यानी साल 2023-24 के आखिर तक राज्य में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को चालू करने की तैयारी है। नोएडा का जेवर हवाई अड्डा भी तेजी से बनाया जा रहा है। हालांकि इसे एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इसी तरह अयोध्या धाम में भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। केंद्र सरकार की कोशिशों और योगी सरकार के सहयोग से देश का नंबर वन वाटरवे वाराणसी से पश्चिम बंगाल के हल्दिया के बीच में चालू हो चुका है।

उत्तर प्रदेश अयोध्या, काशी, प्रयाग, चित्रकूट, नैमिषारण्य जैसे तमाम तीर्थों और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्रों का भी राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर काशी का उद्धार हो चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और नई काशी आज दुनिया को लुभा रही है।

# समस्या बना दहेज निषेध अधिनियम

यदि दहेज देना और लेना समान रूप से दंडनीय अपराध है तो यक्ष प्रश्न यह है कि क्यों सिर्फ अदालतों में दहेज लेने के मामले पहुंचते हैं ? क्यों दहेज देना पुलिस एवं न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में विलुप्त प्रतीत होता है ? दहेज प्रतिषेध कानून पारित होने के पश्चात कुछ ही मामले ऐसे सामने आए जहां न्यायालय ने दहेज देने वालों के विरुद्ध केस दर्ज करने के आदेश दिए।

ऋतु सारस्वत- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल में स्वप्नदास बनाम पश्चिम बंगाल राज्य मामले में कठोर टिप्पणी करते हुए कहा, 'महिलाओं ने भारतीय दंड संहिता यानी आइपीसी की धारा 498 ए का दुरुपयोग करके एक तरह से कानूनी आतंकवाद फैला दिया है।' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि यह धारा महिलाओं की भलाई के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब झूठे मामले दर्ज कराकर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों के दौरान देश की विभिन्न अदालतों ने दहेज के झूठे मामलों पर कठोर टिप्पणियां की हैं, परंतु इसके साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली को भी कठघरे में खड़ा किया है और उस मानसिकता के प्रति चिंता जाहिर की है, जो पुरुषों को बिना सत्यता परीक्षण के अपराधी मान लेती है। कुछ वर्ष पहले अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस ने दंड प्रकिया संहिता यानी सीआरपीसी में निहित पाठ का सबक सही तरह से नहीं सीखा है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि दहेज संबंधी मामलों में समय-समय पर न्यायालयों द्वारा पुलिस को दिए गए दिशा-निर्देशों की अवहेलना के चलते उन महिलाओं के हौसले बढ़ गए हैं, जिन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए बने कानून का हथियार के रूप में प्रयोग किया है। कई बार तो पति-पत्नी में अनबन के चलते इस कानून का इस्तेमाल ससुराल वालों को प्रताड़ित करने के लिए किया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि बीते वर्षों में 498 ए में गिरफ्तार किए गए लोगों में से अनुमानतः 90 प्रतिशत प्री ट्रायल स्तर पर ही बेकसूर पाए गए। जिन मामलों में मुकदमे चले, उनमें भी करीब 80 प्रतिशत निर्दोष करार दिए गए। उन्हें बिना किसी जांच के गिरफ्तार किया गया था। साफ है कि एक समाधान ने समस्या का रूप ले लिया है। यदि इस कानून के दुरुपयोग पर शीघ्र ही गंभीरता से मंथन नहीं किया गया तो हजारों निर्दोष इसी प्रकार जेल जाते रहेंगे। वर्ष 1961 में जब दहेज प्रतिषेध अधिनियम पारित हुआ था, तब उसमें दर्ज किया गया था कि यदि कोई व्यक्ति दहेज देगा या लेगा अथवा दहेज देने या लेने को प्रेरित करेगा तो वह दंड का पात्र होगा और उसके कारावास की अवधि पांच वर्ष से कम की नहीं होगी। यदि दहेज देना और लेना समान रूप से दंडनीय अपराध है तो यक्ष प्रश्न यह है कि क्यों सिर्फ अदालतों में दहेज लेने के मामले पहुंचते हैं ? क्यों दहेज देना पुलिस एवं न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में विलुप्त प्रतीत होता है ? दहेज प्रतिषेध कानून पारित होने के पश्चात कुछ ही मामले ऐसे सामने आए, जहां न्यायालय ने दहेज देने वालों के विरुद्ध केस दर्ज करने के आदेश दिए। क्या यह विचारणीय तथ्य नहीं है कि क्यों दहेज निरोधक कानून का एकपक्षीय पहलू यानी दहेज लेना ही चर्चा का विषय बनता है ? दहेज देने को लेकर बने कानून पर यूं आंखें मूंद लेना कई प्रश्नों को जन्म देता है। यह निर्विवादित तथ्य है कि दहेज की बुराई के चलते देश में तमाम लड़कियां प्रताड़ित होती हैं या अपनी जान से हाथ धो बैठती हैं, परंतु क्या कारण है कि अभिभावकों के भीतर यह चेतना जागृत नहीं हो पा रही कि दहेज मांगने वाले परिवार में उनकी बेटी असुरक्षित हो सकती है ? एक प्रश्न यह भी है कि विवाह के पश्चात दहेज की मांग के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली लड़की विवाह से पूर्व ही ऐसे परिवार से रिश्ता जोड़ने से इन्कार क्यों नहीं कर देती, जो दहेज का लोभी है ? नीरा सिंह बनाम दिल्ली सरकार (2007) मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि दहेज की मांग के बावजूद यदि वयस्क और शिक्षित महिला दहेज लेने वाले व्यक्ति से शादी करती है तो वह और उसका परिवार दहेज निषेध अधिनियम के तहत अपराध में भागीदार बन जाता है। यह एक कटु सत्य है कि 'स्त्री-धन' के रूप में दिया गया उपहार दो परिवारों के मध्य कड़वाहट होते ही दहेज का रूप धारण कर लेता है।

# अमेरिका, रूस और चीन के आपसी टकराव

अमेरिका ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर इसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया हैद्य यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया हैद्य इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही हैद्य अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया हैद्य जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद हैद्य वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता हैद्य व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है।

रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा। स्पष्ट है कि इस मामले में अमेरिका,ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैन्य बल की मदद करने को तैयार है। रूस के पास अब सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर चढ़ाई करने के अलावा कोई मार्ग शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति की यह आशंका कि रूस यूक्रेन पर फरवरी एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में बड़ा हमला कर सकता है निर्मूल नहीं है। अमेरिका ने निर्णय लिया है कि वह पूर्वी यूरोप के सीमा पर एक बड़ा सैन्य बल रूस को टक्कर देने के लिए भेजेगा ।संभवत यह रूस पर दबाव डालने के लिए एक कूटनीतिक घोषणा एवं चाल हो सकती है।

## कुछ बातें सुन ले।

कुछ दर्द की बातें गहरी हमसे सुन ले,
कुछ गुफ्तगू नर्गिस ए बीमार से कर ले।

नाविस्त है तेरे हुस्न सा बेहतरीन,
दिल की बातें अब आंखों से कर ले।

मेरी फना पर ना खिलखिलाना तुम,
मेरी मौत का इल्जाम न अपने सर ले।

आओ बैठे जो लम्हे प्यार के पास पास,
जुदाई से पहले दिलों के हिसाब कर ले।

यू ना दिखा नरगिसी तेवर हमें,
आज अपने हुस्न को बेनजीर कर ले।

बेनजीर- अनुपम, नविस्त- लिखावट।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# भारत का विज़न 2047 के पूर्व विकसित देश बनना समय की मांग



भारत में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का आगाज़

21वीं सदी की दुनियां की बड़ी समस्याओं के समाधान का पर्यायवाची बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिए हैं - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर जिस तेज़ी के साथ भारत विज्ञान तकनीकी प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में सफलता पूर्वक झंडे गाड़ते हुए तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है इससे दुनियां के विकसित देशों में हैरानी है, क्योंकि भारत ऐसा ही कुछ नए-नए आयाम को अंजाम देता हुआ आगे बढ़कर आगे की सोचता है, जिसका सटीक उदाहरण विज़न 2047 और पिछले दो दिन पूर्व अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक प्रक्षेपण करता हुआ विक्रम है। अब इससे आगे दो कदम बढ़कर हम सूर्य की ओर भी बढ़ रहे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन में जिस तरह भारत का रुतबा हमने देखें और सोने पर सुहागा चंद्रयान-3 नें सफलता पूर्वक अंतरिक्ष लैंडिंग की तो वहां धूम मचा दी हमारे पीएम महोदय ने भी अति उत्सुकता के साथ दिनांक 26 अगस्त 2023 को ग्रीस से सीधे इसरो पहुंचकर वैज्ञानिकों की हौसला आफजाई की तो इसरो वैज्ञानिकों में एक जोश उमंग की नई लहर छा गई जिसे पूरे विश्व ने टीवी चैनलों पर देखकर गौरविंत महसूस किया, यह होता है सफलता और भारत की प्रौद्योगिकी विज्ञान की सुगंध पूरे विश्व में फैलाने वालों का कदर, जो पीएम की बॉडी लैंग्वेज से ही दिख रहा था। उन्होंने वैज्ञानिकों को गले लगाकर और ऐतिहासिक सफ़लता दिवस की घोषणा की कि 23 अगस्त, चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विज्ञान, तकनीक और नवाचार की स्पिरिट को सेलिब्रेट करेगा और हमें हमेशा-हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा ।वही और घोषणा की कि चंद्रयान-3 का मून लैंडर जिस स्थान पर उतरा था, उसे अब शिव शक्ति के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा, शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है और शक्ति से हमें उन संकल्पों को पूरा करने का सामर्थ्य मिलता है।

चंद्रमा का यह शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है। और बताया कि 21वीं सदी के इस दौर में, जो देश विज्ञान और तकनीक में नेतृत्व करेगा, वही देश आगे बढ़ेगा। चूंकि भारत विकसित देश बनने की गति अब आँधी बनकर कार्य में जुट गई है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 21 में सदी की दुनियां की बड़ी समस्याओं के समाधान का पर्यायवाची बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिए हैं।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 26 अगस्त 2023 को ग्रीस से सीधे इसरो पहुंचकर वैज्ञानिकों को ऐतिहासिक प्रोत्साहन और संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, यह कोईसाधारण सफलता नहीं है, यह उपलब्धि अनंत अंतरिक्ष में भारत की वैज्ञानिक शक्ति की शुरुआत करती है। उन्होंने गौर्वान्वित होते हुए कहा,भारत चंद्रमा पर है, हमारा राष्ट्रीय गौरव चंद्रमा पर है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए, कहा,यह आज का भारत है जो निर्भीक और जुझारु है। यह एक ऐसा भारत है जो नया सोचता है और एक नए तरीके से सोचता है, जो डार्क जोन में जाकर भी दुनिया में रोशनी की किरण फेला देता है। ये भारत 21वीं सदी में दुनिया की बड़ी समस्याओं का समाधान देगा।

लैंडिंग का वह क्षण राष्ट्र की चेतना में अमर हो गया है ।लैंडिंग का क्षण इस सदी के सबसे प्रेरणादायक क्षणों में से एक है। हर भारतीय ने इसे अपनी जीत के रूप में लिया है। उन्होंने इस बड़ी सफलता का श्रेय वैज्ञानिकों को दिया। मून लैंडर की तस्वीरों के बारे में बताते हुए कहा, हमारे मून लैंडर ने अंगद की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमा लिया है, एक तरफ विक्रम का विश्वास है तो दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार चंद्रमा के कभी नहीं देखे गए हिस्सों की तस्वीरें पहली बार मानव ने अपनी आंखों से देखीं हैं और यह भारत द्वारा किया गया है। पूरी दुनिया भारत की वैज्ञानिक भावना, तकनीक और हमारे वैज्ञानिकों का लोहा मान रही है। विज्ञान की खोज के कल्याणकारी मूल पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि इन पवित्र संकल्पों को शक्ति के आशीर्वाद की आवश्यकता है और शक्ति हमारी नारी शक्ति है।

चंद्रयान-3 चंद्र मिशन की सफलता में हमारी महिला वैज्ञानिकों ने, देश की नारी शक्ति ने बड़ी भूमिका निभाई है। चंद्रमा का 'शिवशक्ति' प्वाइंट, सदियों तक भारत के इस वैज्ञानिक और दार्शनिक चिंतन का साक्षी बनेगा। जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिन्ह छोड़े थे, उस स्थान को अब तिरंगा कहा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये तिरंगा प्वाइंट, भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा और हमें सीख देगा कि कोई भी विफलता आखिरी नहीं होती।

उन्होंने कहा, अगर दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सफलता मिलकर के ही रहती है। उन्होंने मून लैंडर की तस्वीरों के बारे में बताते हुए कहा,हमारे मून लैंडर ने अंगद की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमा लिया है, एक तरफ विक्रम का विश्वास है तो दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार चंद्रमा के कभी नहीं देखे गए हिस्सों की तस्वीरें पहली बार मानव ने अपनी आंखों से देखीं हैं और यह भारत द्वारा किया गया है। आगे कहा,पूरी दुनिया भारत की वैज्ञानिक भावना, तकनीक और हमारे वैज्ञानिकों का लोहा मान रही है। चंद्रयान-3 की सफलता केवल भारत की नहीं है, बल्कि पूरी मानवता की है। उन्होंने टिप्पणी की और रेखांकित किया कि इस मिशन की खोज से सभी देशों के मून मिशंस के लिए नए रास्ते खुलेंगे ।उन्होंने कहा कि यह मिशन न केवल चंद्रमा के रहस्यों को उजागर करेगा, बल्कि धरती की चुनौतियों के समाधान में भी मदद करेगा। उन्होंने ने एक बार फिर चंद्रयान-3 मिशन से जुड़े हर वैज्ञानिक, तकनीशियन, इंजीनियर और सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने देश की युवा पीढ़ी को भी एक टास्क भी दिया। उन्होंने कहा,मैं चाहता हूं कि नई पीढ़ी भारत के प्राचीन ग्रंथों में खगोलीय सूत्रों को वैज्ञानिक रूप से साबित करने के लिए और उनका नए सिरे से अध्ययन करने के लिए आगे आए। यह हमारी विरासत के लिए भी महत्वपूर्ण है और विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है। एक तरह से आज स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए यह दोहरी जिम्मेदारी है। भारत के पास विज्ञान के ज्ञान का जो खजाना है, वो गुलामी के लंबे कालखंड में दब गया है, छिप गया है। आजादी के इस अमृत काल में हमें इस खजाने को भी खंगालना है, उस पर रिसर्च भी करनी है और दुनिया को इसके बारे में बताना भी है ।उन्होंने रेखांकित किया कि भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन एक आवश्यकता है और वे ही आज के महत्वपूर्ण मिशनों को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक उनके आदर्श हैं और उनके शोध तथा वर्षों की कड़ी मेहनत ने यह साबित कर दिया है कि यदि आप ठान लें तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। आगे कहा कि देश के लोगों को वैज्ञानिकों पर भरोसा है और जब लोगों का आशीर्वाद मिलेगा तो देश के प्रति दिखाए गए समर्पण से भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बन जाएगा। नवाचार की हमारी यही भावना 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करेगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत का विज़न 2047 के पूर्व विकसित देश बनना समय की मांग ।भारत में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का आगाज़। 21वीं सदी की दुनियां की बड़ी समस्याओं के समाधान का पर्यायवाची बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिए हैं।

## शार्ट न्यूज

### जनसमस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। सीएम ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के हर हाल में सुनवाई व निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 100 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही, मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

### सरिया चोर गिरोह के छह सदस्य अरेस्ट, एक फरार

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस ने दिल्ली-देहरादून हाईवे से सरिया चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 45 कुंतल सरिया, कांटे में लगी इलेक्ट्रॉनिक चिप भी बरामद की है। जबकि एक आरोपी फरार है। थाना बड़गांव पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर ग्रीन एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य चल रहा है। आलग्रेस डेवलपर्स निर्माण कंपनी के लिए पश्चिमी बंगाल की एक स्टील कंपनी से ट्रक द्वारा सरिया की सप्लाई की जा रही है। कंपनी के कर्मचारी कुलदीप ने थाना बड़गांव में ट्रक चालक इकबाल उर्फ अब्दुल के खिलाफ सरिया के तौल में हेराफेरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब चालक इकबाल को अंबेहटा चांद स्थित कंपनी के धर्म कांटे से हिरासत में लिया। पूछताछ में सरिया तोल में हेराफेरी की कलई खुलती चली गई। पुलिस ने इकबाल, अफजाल उर्फ आफताब, कोमल उर्फ रोहित, त्रिलोकी और गौरव पांडेय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 45 कुंतल सरिया, कांटे में लगी इलेक्ट्रॉनिक चिप भी बरामद की है पुलिस के अनुसार, आरोपी इकबाल करीब 450 कुंतल सरिया बंगाल की स्टील कंपनी से लादकर ग्रीन एक्सप्रेस-वे के लिए चला था।

### पुलिस ने जारी किया एंटी क्राइम हेल्पलाइन नंबर

संभल। संभल में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने अपराधियों पर लगाम कसने के लिए एंटी क्राइम हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिसे वह स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। जनपद का कोई भी नागरिक अब इस नंबर पर अपने आस-पास होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी दे सकता है। यह भी बताया की जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सपा के इस कदम के बाद जहां अपराधियों को जनपद छोड़ना पड़ेगा या फिर अपराध छोड़ना पड़ेगा। वहीं थाना स्तर के पुलिस कर्मियों को भी फूंक-फूंक कर कदम रखने की आवश्यकता है। अगर किसी आम नागरिक ने अगर अपराधी की सूचना दे दी। तब संबंधित पुलिसकर्मी की भी खैर नहीं है। जनपद संभल का चार्ज लेने के बाद से ही पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत अपराधियों एवं सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर सख्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपराधियों पर लगाम कसने के लिए अब एक क्राइम हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एसपी ने नंबर जारी करते हुए एंटी क्राइम हेल्पलाइन नंबर 7839875625 है। जनपद संभल की जनता को सूचित करते हुए कहा कि घटित होने वाले गैर कानूनी कार्यों जैसे युवा सट्टा अवैध शराब के निर्माण बिक्री गोवंश पशु एवं मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं देने हेतु नंबर जारी किया गया है।

### पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

अमेठी जिला। अमेठी के बाजार शुकुल इलाके में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती बने तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। चोरो के पास से बड़ी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात और 15 हजार की नगदी बरामद हुई है। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र का है जहां पिछले करीब एक महीने में आधा दर्जन से अधिक चोरियां हुई थी जो पुलिस के चुनौती बनी हुई थी। पुलिस लगातार चोरो की तलाश में जुटी हुई थी। देर रात बाजार शुकुल थाने में तैनात उप निरीक्षक राम विभु सिंह अपनी टीम के साथ सत्थिन चौकी की तरफ जा रहे थे। जहां मंगरौली तिराहे के पास पान की गुमटी के पीछे तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें बुलाया तो सभी भागने लगे जिन्हें पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया। तीनों की पहचान सोनू बनमानुस,शनि कुमार और निरहू बनमानुस के रूप में हुई जो अयोध्या जिले के रहने वाले है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि 6 दिन पहले बलापुर गांव और अकरा गांव में घर की दीवार फांदकर सभी अंदर घुसे थे और वही से सभी सामानों को चोरी किया था। चोरों के पास स्व 14 अंगूठी,तीन जोड़ी पायल,एक अंगूठी और 15 हजार रुपए नगद बरामद हुए है। पुलिस ने तीनों चोरों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### फर्जी रायल्टी लेटर तैयार कराने वाले दो गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर खनन विभाग की हाई सिक्योरिटी रायल्टी पत्र को फर्जी बनाने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गिरोह काफी दिनों से सक्रिय है। हरियाणा, उत्तराखंड और यूपी के कई खनन माफियाओं द्वारा फर्जी रायल्टी पत्र तैयार कराया जाता है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी फरार है। थाना गंगोह पुलिस ने ओवरलोड ट्रक को चेक किया। तब जाकर पोल खुली है ।तीन आरोपी फरार है। पुलिस गिरोह के चार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, एक सूचना के आधार पर पुलिस ने खनन विभाग की टीम के साथ चेकिंग के दौरान ओवरलोड खनन से भरा ट्रक पकड़ा। जिसमें बरामद हुई खनन परिवहन की रायल्टी फर्जी निकली। जबकि जिस कागज पर रायल्टी तैयार की गई है, वह हाई सिक्योरिटी कागज है, जो विभाग की ओर से जारी किया जाता है। जांच के बाद पुलिस को कई साक्ष्य मिले। पुलिस ने हरियाणा के यमुनानगर के रहने वाले सादिक और नसीम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक कंप्यूटर, सीपीयू, मॉनिटर, प्रिंटर, की-बोर्ड, माउस, एक मोबाइल फोन, दो श्रम कार्ड, दो आयुष्मान कार्ड, तीन पैन कार्ड, एक वोटर कार्ड, चार एसबीआई की पासबुक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तर प्रदेश के 21 प्लेन हाई सिक्योरिटी खनिज परिवहन प्रपत्र, सात फर्जी रायल्टी प्रपत्र और 250 रुपए बरामद हुए हैं।

### डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर खाई में घुसी

लखीमपुर-खीरी। निघासन ढखेरवा स्टेट हाइवे पर सवारियों से खचाखच भरी डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा घुसी। जिससे बस में सवार करीब 60-70 सवारियां बाल बाल बच गईं, कुछ सवारियों को हल्की चोटें आईं। जिसने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को घर भेज दिया गया। आपको बताते चलें कि दिल्ली से सिसैया चौराहा जा रही तेज रफ्तार प्राइवेट डग्गामार बस संख्या यूपी15टी7351 जो दिल्ली से सिसैया चौराहा की तरफ जा रही थी तभी बस अनियंत्रित होकर निघासन ढखेरवा चौराहे के बीच में स्थित टापर पुरवा के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा घुसी, दुर्घटना में बस में बैठी सवारियां बाल बाल बच गए। वहीं परिवहन विभाग की सांठ गांठ और अनदेखी के चलते प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में डग्गामार बसें बहराइच, नानपारा, सिसैया, ढखेरवा चौराहा होते हुए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, देहरादून के लिए बिना परमिट के सैकड़ों की संख्या में सवारियां भरकर रवाना होती हैं। सांठ गांठ के चलते इन बसों पर किसी भी जिम्मेदार की नजर तक नहीं पड़ती है।

# प्रदेश की सड़कों पर अब नजर नहीं आएंगे निराश्रित गोवंश

## सीएम योगी ने निराश्रित गोवंश की सुरक्षा और देखभाल के लिए जिलाधिकारियों को दिये निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सड़कों पर अब निराश्रित गोवंश भटकते नजर नहीं आएंगे। योगी सरकार ने इनकी सुरक्षा और देखभाल के लिए कड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निराश्रित गोवंश को पहले से संचालित गो सरंक्षण केंद्रों तक पहुंचाने, उनके लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समय-समय पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिये हैं। साथ ही जिलाधिकारियों को इसे अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगातार प्रदेश भर में सड़कों पर निराश्रित गोवंश की तादाद बढ़ने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर सीएम योगी ने पहले भी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी, जिसके बाद काफी सुधार भी देखने को मिला है और अब योगी



सरकार ने इस दिशा में और तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये हैं, ताकि प्रदेश की सड़कों पर एक भी निराश्रित गोवंश न दिखे।

### अतिरिक्त गो आश्रय स्थल बढ़ाने के लिए जल्द तैयार करें कार्ययोजना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निराश्रित गोवंश की सुरक्षा और देखभाल का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में गो आश्रय स्थल बढ़ाने को कहा है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश भर में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 6889 आश्रय स्थल संचालित हैं, जिसमें 6346 ग्रामीण और 543 शहरी क्षेत्रों में मौजूद हैं।

इन आश्रय स्थलों में वर्तमान समय में 1182949 निराश्रित गोवंश की देखभाल की जा रही है। सीएम योगी ने विभाग को प्रदेश में गो आश्रय स्थल बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है ताकि इसे कैबिनेट में शामिल कर बजट जारी किया जा सके।

इसके साथ ही उन्होंने गोवंश आश्रय स्थलों के वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रबंधन मजबूत करने को भी कहा है, जिससे आश्रय स्थल की स्थिति में सुधार आ सके। वहीं सीएम योगी ने हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गोचर भूमि की जियो टैगिंग एवं कब्जा मुक्त करा कर नेपियर घास लगवाने को कहा है।

## पुलिस के खोजी स्वान शौर्य का निधन

जौनपुर। जौनपुर पुलिस के महत्वपूर्ण सहयोगी रहे खोजी स्वान शौर्य का रविवार को निधन हो गया, पुलिस लाइन में राजकीय सम्मान के साथ उसकी अंतिम विदाई हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शौर्य विगत नौ वर्षो से पुलिस विभाग में अपने सेवायें दे रहा था। शौर्य का जन्म चार जुलाई 2014 को हुआ था और उसकी ट्रेनिंग मध्य प्रदेश के टेकनपुर बीएसएफ सेंटर में हुई थी, डॉग हैंडलर बबलू सिंह द्वारा शौर्य को जौनपुर पुलिस लाइन लेकर आया गया था और शौर्य इस जनपद के पुलिस बेड़े में सम्मिलित हुआ। शौर्य द्वारा जनपद में घटित होने वाले अनेको प्रकार के जघन्य अपराधिक घटनाओं जैसे चोरी, हत्या, अपहरण आदि का शीघ्रता से अनावरण किया गया, घटना स्थल से महत्वपूर्ण एवं लाभप्रद सूचनाओं एवं गंध के आधार पर अपराधियों को धर दबोचा गया। शौर्य द्वारा जनपद में सैकड़ो घटनाओं का सफल अनावरण किया है। उसके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो को देखकर उसकी मृत्यु पर समस्त जनपदीय पुलिस शोक संतप्त है तथा उक्त स्वान को पूरे राजकीय सम्मान के साथ जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी।

## वाराणसी में इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेने प्रभावित

**जौनपुर।** वाराणसी में एक सितंबर से होने वाले इंटरलॉकिंग कार्य के चलने के कारण वाराणसी से सिटी स्टेशन होते हुए एवं जौनपुर जंक्शन के रास्ते आगे के स्टेशनों पर अप-डाउन कई ट्रेनों को मार्ग बदलकर गंतव्य के लिए चलाया जाएगा। इसके साथ ही इस मार्ग पर चलने वाली कई ट्रेने निरस्त भी रहेगी।

जौनपुर जंक्शन के मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक अनुराग तिवारी ने रविवार को कहा कि 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक वाराणसी और बहराइच के मध्य चलने वाली अप डाउन इंटरसिटी ट्रेन नंबर 14213,14214 को विभाग द्वारा लोहता से वाया जंघई मडियाहू के रास्ते बहराइच तक के लिए चलाया जाएगा।

इसी प्रकार बहराइच से इसी मार्ग से ट्रेन लोहता स्टेशन पहुंचेगी। मुजफ्फरपुर से दिल्ली के मध्य चलने वाली सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन औड़िहार के रास्ते जौनपुर जंक्शन होते हुए अप डाउन में आएगी और जाएगी, वाराणसी से जोधपुर के मध्य चलने वाली अप डाउन मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 14863, 14864, 14854, 14853 आगामी 10 सितंबर से 14 अक्टूबर तक ट्रेन लखनऊ स्टेशन तक आएगी और यहीं से जोधपुर के लिए जाएगी। छपरा से सूरत के मध्य चलने वाली अप डाउन ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 19045, 19046 मडियाहू स्टेशन के रास्ते इलाहाबाद होते हुए 11 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आएगी और जाएगी।

वाराणसी से अहमदाबाद के बीच चलने वाली अप डाउन एक्सप्रेस साबरमती ट्रेन नंबर 19162, 19167 आगामी 11 सितंबर से 14 अक्टूबर तक के लिए शाहगंज के रास्ते मऊ होते हुए वाराणसी पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कि हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली अप डाउन ट्रेन नंबर 13010 व 13009 दून एक्सप्रेस 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक अयोध्या स्टेशन से गोरखपुर छपरा बरौनी आसनसोल होते हुए हावड़ा पहुंचेगी और इसी तरह देहरादून जाएगी। इंदौर से पटना के बीच आने और जाने वाली ट्रेन नंबर 19321, 19322, और पटना से कोटा के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 13238, 13237, कानपुर इलाहाबाद मुगलसराय होते हुए अप डाउन में गंतव्य को पहुंचेगी।

## दीवार गिरने से बच्चे दबे, मासूम की मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र के भुजपुरा इलाके में शनिवार देर शाम एक खाली प्लाट की दीवार और भारी भरकम गिर गया। जब यह घटना हुई तो वहां पर मुहल्ले में रहने वाले कुछ बच्चे खेल रहे थे। जो अचानक दीवार गिरने के कारण संभल नहीं पाए और उसके नीचे दब गए। बच्चों के दीवार के नीचे दबने से चीख पुकार मच गई। मुहल्ले के लोगों ने तत्काल बच्चों को मलबे के नीचे से निकाला और गाड़ियों में लेकर अस्पताल की ओर भागे। जिला अस्पताल में 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वहीं उसके साथ खेलने वाले चार बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली के भुजपुरा इलाके के नगला आशिक अली निवासी मो. शाकिर अली ई-रिक्शा चलाते हैं। शनिवार देर शाम को उनकी 8 वर्षीय बेटी अक्शा घर के बाहर खेल रही थी। बच्ची के साथ मुहल्ले में रहने वाले दूसरे बच्चे भी खेल रहे थे। सभी मुहल्ले के खाली प्लाट के पास थे, कि इसी दौरान प्लाट की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार और लोहे का गेट गिरने के कारण आक्शा समेत चार बच्चे आयशा, सुल्तान, साहिल और एक अन्य मलबे के नीचे दब गए। दीवार गिरने ही पूरे मुहल्ले में हड़कंप मच गया और लोगों ने तत्काल बच्चों को बचाने के लिए राहत काम शुरू किया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी। जैसे-तैसे काफी मशक्कत करने के बाद बच्चों को निकाला गया, लेकिन अस्पताल पहुंचते पहुंचते अक्शा की मौत हो गई। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## शाइस्ता परवीन समेत छह पर अदालत की अवमानना का मुकदमा

प्रयागराज। अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या के बाद से फरार चल रही माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन समेत छह आरोपियों पर अदालत की अवमानना का मुकदमा धूमनगंज थाने में दर्ज कराया गया है। अदालत से जारी कुर्की के आदेश के बावजूद भी कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस एफआईआर के अनुसार धूमनगंज थाने में दर्ज कराई गयी एफआईआर में शाइस्ता परवीन के साथ ही, अशरफ की पत्नी जैनब, अतीक की बहन आयशा नूरी के साथ ही बमबाज गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान के खिलाफ यह मुकदमा शुक्रवार शाम दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि अदालत से आदेश पर कुर्की का धारा 82 का नोटिस मकान



पर चस्पा होने के बावजूद आरोपी अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। कोर्ट ने इसे अवमानना का केस माना है। पुलिस ने शाइस्ता के मकान चकिया खुल्दाबाद पर, देवरानी रूबी उर्फ जैनब के चकिया खुल्दाबाद, बमबाज गुड्डू मुस्लिम के निवास लाला की सराय शिवकुटी, मरियाडीह पूरामुफ्ती निवासी शूटर साबिर , सिविल लाइंस के महात्मागांधी मार्ग निवासी अरमान और अतीक की बहन आयशा नूरी के मेरठ स्थित नौचन्दी थाना क्षेत्र चयमे वाली गली स्थित मकान नम्बर 52 पर गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा कर डुगडुगी पिटवा कर मुनादी कराया गया है। बावजूद इसके ये लोग हाजिर नहीं हुए।

शाइस्ता परवीन और जैनब अपने पति अतीक और अशरफ के साथ ही बेटे असद (झांसी में एसटीएफ मुठभेड़) की मिट्टी में भी नहीं पहुंची। पुलिस को आशंका थी कि वह मिट्टी में जरूर आएंगी और इसके लिए कड़ी नाकेबंदी की गई थी, लेकिन वह मिट्टी में शिरकत करने नहीं पहुंची।

24 फरवरी को उमेश पाल और उनके दो गनर की गोली और बम मारकर हत्या कर दी गयी। जिसमें अतीक अहमद, अशरफ शाइस्ता परवीन और उसके दो बेटो को नामजद किया गया। वायरल वीडियो में बम फेंकते और फायरिग करते पुलिस ने गुड्डू मुस्लिम, शाबिर और अरमान की पहचान किया। पुलिस के संरक्षण में रहने के बावजूद 15 अप्रैल की की रात करीब 10.30 बजे काल्विन अस्पताल में जांच के दौरान मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे तीन युवकों ने अतीक अहमद और अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया जबकि नौ अपराधियों को पुलिस जेल भेज चुकी है।

पुलिस ने शाइस्ता परवीन पर पर 50 हजार जबकि गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान पर पांच-पांच लाख रूपए का इनाम घोषित किया है।

## 5 लाख की सुपारी देकर इकलौते बेटे को मरवाया

### पत्नी से विवाद में वारदात; शराब पिलाकर गला घोंटा, फिर नदी में फेंकी लाश

मेरठ। मेरठ में 5 लाख की सुपारी देकर एक पिता ने अपने 27 साल के इकलौते बेटे की हत्या करा दी। पहले किलर के साथ मिलकर बेटे को शराब पिलाई, फिर किलर ने गमछे से गला घोंट दिया। इसके बाद दोनों ने लाश को हिंडन नदी में फेंक दिया। किसी को शक न हो इसलिए पिता ने मोबाइल, बाइक, बाइक की नंबर प्लेट को अलग-अलग जगहों पर ठिकाने लगा दिया।

दरअसल, पति-पत्नी में 15 सालों से विवाद चल रहा था। दोनों एक ही गांव में अलग-अलग घर में रहते थे। बेटा अपनी मां के साथ रहता था। पिता ने पत्नी से बदला लेने के लिए बेटे की



हत्या कराई। पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर पिता को उठाया। जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने सच बता दिया। पुलिस पिता की निशानदेही पर मृतक की लाश बरामद करने की कोशिश कर रही है। मामला सरधना के छुर गांव का है।

#### पति-पत्नी के विवाद में बेटे की हत्या

ग्रामीणों ने बताया कि संजीव का अपनी पत्नी मुनेश से घरेलू विवाद चल रहा है। दोनों 15 साल से गांव में ही दो अलग घरों में रहते हैं। दोनों का एक बेटा सचिन था। संजीव कैरेक्टर का ठीक नहीं है। उसका अपने छोटे भाई की पत्नी से अवैध संबंध है। इसके चलते ही संजीव के घर में क्लेश रहता था।

इसी क्लेश के चलते संजीव की पत्नी मुनेश, बेटा सचिन उसे छोड़कर गांव के दूसरे मकान में रहने लगे थे। संजीव ने अपनी पत्नी से बदले की भावना में इस वारदात को अंजाम दिलाया।

#### बेटे की हत्या का 5 लाख में तय किया सौदा

हत्या के लिए पिता ने गांव के ही एक आदमी अमित को तैयार किया। अमित पहले भी एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

जबकि एक और हत्या के मामले में उसका नाम आया था। हालांकि बाद में वह बरी हो गया था।

इसलिए संजीव ने बेटे को मारने के लिए अमित को चुना। उसने अमित से कहा- मेरे बेटे को मार दो, मैं 5 लाख रुपए दूंगा। उसने अमित को एडवांस में 15 हजार रुपए भी दिए।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी और बच्चे की मौत

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में रविवार को सड़क हादसे में पति-पत्नी और 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर हुआ है। मामले में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के लिए बाइक सवार ने जैसे ही साइड ली। वहां से गुजर रही बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही बाइक सवार तीनों की मौत हो गई।

हादसे में शहर के भरतिया कॉलोनी निवासी निशु अपनी पत्नी वीणा और 10 वर्षीय बेटे आरव को बाइक पर बैठकर शामली जा रहा था। पानीपत खटीमा राजमार्ग पर जब तीनों बाइक सवार तिताबी से 100 मी पहले पहुंचे तो। उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार घटनास्थल से कई मीटर दूर जाकर गिरे। गंभीर घायल अवस्था में पुलिस और स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। लोगों के अनुसार बाइक उस समय बोलेरो कार से टकराई जब बाइक सवार ने सामने से आते ट्रक से अपने आप को बचाया। पुलिस ने बोलेरो कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

## आगरा : घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया दरोगा

### आगरा की एंटी करप्शन टीम ने अलीगढ़ में अरेस्ट किया

अलीगढ़। अलीगढ़ के गांधीपार्क थाने में तैनात एक दरोगा को शनिवार को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपी दरोगा ने पीड़ित ने उसके मुकदमें को हल्का करने और गंभीर धाराएं हटाने के नाम पर घूस ली थी। जिसके बाद पीड़ित ने एंटी करप्शन में शिकायत की थी। जिसके बाद दरोगा को रंगे हाथ पकड़ने की सारी प्लानिंग तय हो गई थी।

दरोगा ने पीड़ित को अपने महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के ओजोन सिटी स्थित किराए के मकान पर बुलाया था। यहीं पर शिकायत कर्ता ने उसे 10 हजार रुपए घूस दिए थे।

जैसे शिकायतकर्ता दरोगा को रुपए देकर बाहर निकला, वहां पहले से ही मौजूद एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को पकड़ लिया। जिसके बाद दरोगा के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एंटी करप्शन टीम ने गांधीपार्क थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर रामबीरेश यादव को 10 हजार की घूम लेते पकड़ा है। वह एक मारपीट के मामले की जांच



कर रहे थे। गांधीपार्क थाना क्षेत्र में अस्पताल में घुसकर मारपीट हुई थी। जिसमें अस्पताल के संचालक ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद इसकी जांच हो रही थी।

कमालपुर स्थित न्यू गुरु गोरखनाथ अस्पताल के संचालक विक्रम सिंह ने मुदकमा दर्ज कराया था कि उसने गांधीपार्क थाना क्षेत्र के युवक को 2.20 लाख रुपए दिए थे।

युवक ने रुपए लौटाने का वादा किया था, लेकिन 13 जून को उसने अपने भाई के साथ मिलकर उसके अस्पताल में मारपीट और तोड़फोड़ की। इसमें अंगूठी और कीमती चीजें छीनने का भी आरोप था।

## यूट्यूबर का दोस्तों ने सिर पर डंडे मारकर किया कत्ल

मुरादाबाद। मुरादाबाद में यूट्यूबर जितेंद्र की हत्या उसके 2 दोस्तों ने ही की थी। 24 घंटे पहले हुई इस हत्याकांड में शामिल दोनों दोस्तों सुरेश और अरविंद को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। दोनों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए कत्ल की वजह भी पुलिस को बताई है। उन्होंने बताया, जितेंद्र अपने एक साथी के साथ सुरेश की वैगनआर कार लेकर लखनऊ गया था। वहां उसकी कार गौतम पल्ली थाने में सीज हो गई थी। इसके बाद से गाड़ी थाने में ही खड़ी है। इसके बाद से जितेंद्र गाड़ी छुड़ाने में सुरेश की मदद भी नहीं कर रहा था। इसी को लेकर उसकी जितेंद्र से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद दोनों ने डंडे से सिर पर वार करके जितेंद्र को मार दिया। मामला ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र का है। गांव टांडा अफजल में रहने वाला जितेंद्र सिंह यूट्यूबर था। 25 अगस्त की शाम को करीब 5 बजे वह अपने घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा था। घरवालों की सूचना पर 26 अगस्त को ठाकुरद्वारा पुलिस ने जितेंद्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। पुलिस उसे तलाश कर रही थी। इसी दौरान ठाकुरद्वारा के गांव ताराबाद के जंगल में एक युवक का शव पड़ा मिलने की सूचना मिली। शव की शिनाख्त जितेंद्र सिंह के रूप में हुई थी।

## मां-बाप ने 8 माह की प्रेग्नेंट बेटी को मार डाला

### शव को बोरी में भरकर नदी में फेंका; जेल में बंद प्रेमी के फेवर में देना चाहती थी गवाही

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में ऑनर किलिंग हुई है। यहां मां-बाप ने गला घोंटकर 8 महीने की गर्भवती बेटी की हत्या कर दी। किसी को शक न हो, इसलिए 3-4 गठरियों के साथ एक बोरी में बेटी के शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया। लेकिन, ग्रामीणों को शक हो गया।

इसके बाद गांव के प्रधान ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां-बाप से सख्ती से पूछताछ की, तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया। फिर इनकी निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस ने मां-बाप को गिरफ्तार कर लिया है।



#### युवती का प्रेमी जेल में बंद

मामला शुक्रवार सुबह का शाहपुर के गोयला गांव का है। सीओ बुढ़ाना हिमांशु गौरव ने बताया, मृतक युवती का मेरठ के मवाना के रहने वाले राहुल के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 1 साल पहले राहुल उसे भगा ले गया था। इसके बाद लड़की के परिजनों ने शाहपुर थाने में मामला दर्ज कराया था। सीओ ने बताया कि पुलिस ने आठ माह पहले युवती को बरामद कर युवक को जेल भेजा था। राहुल अभी तक जेल में है। शनिवार को मुकदमे में युवती की गवाही होनी थी और वह प्रेमी के पक्ष में गवाही देना चाहती थी। इसलिए दंपती ने लोकलाज के भय से 8 महीने की प्रेग्नेंट बेटी की हत्या कर दी।

#### ग्राम प्रधान की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

सीओ ने बताया कि गांव के प्रधान धर्मपाल सिंह तरफ से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। फिर पति-पत्नी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दंपती बार-बार बयान बदलते रहे। मगर, जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने पूरी सच्चाई बता दी।

#### बोरी में बंद था शव

सीओ के अनुसार, पुलिस ने ग्रामीणों-गोताखोरों की मदद से शुक्रवार को युवती के शव की इंचोड़ा नदी में तलाश शुरू की। लेकिन, शव बरामद नहीं हुआ। इसके बाद मेरठ से पीएसी के जवानों को वाटर बोट के साथ बुलाया गया। फिर शनिवार शाम 6 बजे मंडावली बांगर-भंदवाडा के जंगल की बीच स्थित काली नदी से शव बरामद कर लिया। शव एक बोरी में बंद था। पुलिस ने बोरी को काटकर शव को निकाला।

नई दिल्ली
सोमवार 28 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.6 करोड़ डॉलर की की गिरावट लेकर 527.8 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.5 करोड़ डॉलर कम होकर 43.8 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 11.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.07 अरब डॉलर रह गई।

### मोदी ने क्रिप्टोकरेंसी पर ग्लोबल फ्रेमवर्क, एआई के नैतिक उपयोग का किया आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को क्रिप्टोकरेंसी पर एक ग्लोबल फ्रेमवर्क और कृत्रिम मेधा के नैतिक उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित 'जी 20 समिट इंडिया-2023' में 'अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता सेवा' दिवस मनाने और कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग की मौजूदा प्रथा को छोड़कर 'ग्रीन क्रेडिट' को अपनाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि भारत हरित क्रेडिट के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है और उद्योग जगत के दिग्गजों को धरती के अनुकूल व्यवसाय और जीवन शैली अपनानी चाहिए। मोदी ने जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा क्षेत्र के संकट, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में असंतुलन, जल सुरक्षा से संबंधित मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे मामलों का व्यवसाय पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी एक चुनौती है। इस मामले में अधिक से अधिक एकजुटता की जरूरत है। मुझे लगता है कि इस बारे में एक ग्लोबल फ्रेमवर्क तैयार करना चाहिए, जिसमें सभी हितधारकों के हितों का ख्याल रखा जाए।'' उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा के संबंध में भी इसी तरह के दृष्टिकोण की जरूरत है। उ

### देश में एफडीआई अप्रैल-जून तिमाही में 34 प्रतिशत घटकर 10.94 अरब डॉलर पर पहुंचा

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश फ्लो चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 34 प्रतिशत घटकर 10.94 अरब डॉलर रहा है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में FDI फ्लो 16.58 अरब डॉलर रहा था। जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही में भी FDI 40.55 प्रतिशत घटकर 9.28 अरब डॉलर पर रह गया था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल, मई और जून में विदेश से निवेश घटकर क्रमश 5.1 अरब डॉलर, 2.67 अरब डॉलर और 3.16 अरब डॉलर रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा क्रमशः6.46 अरब डॉलर, 6.15 अरब डॉलर और 3.98 अरब डॉलर था। कुल FDI जून तिमाही में 21.4 प्रतिशत घटकर 17.56 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 22.34 अरब डॉलर था। कुल FDI में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है।

### र स्रश्वष्ठ रिजर्व बढ़ा सकता है ब्याज दर

अमेरिका ने हाल ही में कहा है कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी आगे भी जारी रह सकती है। अमेरिका के इस बयान के बाद से करोड़ों निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, अमेरिकी केंद्रीय बैंक यानी फेडरलर रिजर्व बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल का कहना है कि अगर स्थिति में सुधार नहीं होता है आगे भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जा सकती है। फेड चेयरमैन ने कहा कि वो अमेरिका में महंगाई दर को 2 प्रतिशत तक लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ऐसे में ब्याज दरें ऊपरी स्तर पर कुछ समय के लिए बनी रहेंगी। इसी के साथ उन्होंने आंकड़ों के हवाले से ये भी कहा है कि महंगाई में ऊपरी स्तर से कुछ कमी देखने को मिली है, लेकिन अब भी ये ज्यादा है। बता दें, जेरोम पॉवेल ने शुक्रवार को जैक्सन होल के सालाना बैठक में ये बयान दिया है। पॉवेल ने कहा कि मोनेटरी पॉलिसी में सख्ती की वजह से सामानों की कीमतें कम करने में मदद मिली है. इससे महामारी के बाद सप्लाई की चिंता पर पॉजिटिव असर देखने को मिला है। हालांकि, उन्होंने महंगाई को काबू में करने के लिए काफी प्रयासों की जरूरत है जिन पर काम जारी है।

### अगले हफ्ते आएंगे भारत और अमेरिका की जीडीपी के आंकड़ें

देश की जून तिमाही जीडीपी के आंकड़े अगले हफ्ते आने वाले हैं। इसका बाजार पर बड़ा असर पड़ेगा। वहीं अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी अगले हफ्ते ही सामने आएंगे। इसी के साथ देश के मैन्युफैक्चरिंग और बेरोजगारी से जुड़े आंकड़े भी अगले हफ्ते पेश किए जाएंगे। अगला हफ्ता बाजार के लिए काफी व्यस्त रहने वाला है। आंकड़ों से पूरी दुनिया के निवेशक अर्थव्यवस्थाओं की सेहत का जायजा लेंगे। प्राइवेट सेक्टर की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज की एजीएम सोमवार को है। बाजार की निगाह इस पर भी है। 31 अगस्त को भारत के पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े पेश होंगे। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार मार्च तिमाही से ज्यादा रह सकता है। हाल ही में रॉयटर्स ने एक रिपोर्ट पेश की जिसमें 50 से ज्यादा अर्थशास्त्रियों ने एक पोल में हिस्सा लिया था, इस पोल में सामने आया कि देश में 7.7 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान है। वहीं एसबीआई और इक्रा का अनुमान 8 फीसदी से ज्यादा का रहा है।

### 80 प्रतिशत पेशेवर महिलाओं ने कहा, वर्क प्लेस पर मिल रहे हैं पुरुषों के समान अवसर

कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के साथ महिला पेशेवरों का एक बड़ा वर्ग मानता है कि उनको भी अपने पुरुष समकक्षों की तरह 'करियर' में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग मंच 'अपना.सीओ' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वे में शामिल लगभग 80 प्रतिशत महिला पेशेवरों ने कहा कि उनके पास अपने पुरुष सहकर्मियों के बराबर करियर वृद्धि के अवसर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह धारणा में एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाता है। महिलाओं अब मानती हैं कि उनके पास भी करियर में पुरुषों के समान अवसर हैं। यह रिपोर्ट जुलाई में विभिन्न उद्योगों में कार्यरत 10,000 से अधिक महिलाओं के व्यापक ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल 65 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्होंने अपने वर्तमान वर्क प्लेस में लैंगिक वेतन समानता देखी है। लैंगिक वेतन अंतर को पाटने के लिए संगठित क्षेत्र की प्रतिबद्धता में यह एक सकारात्मक कदम है।

### जेएसडब्ल्यू समूह इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की योजना पर कर रहा काम : सज्जन जिंदल

जेएसडब्ल्यू समूह अपनी खुद की इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना पर काम कर रहा है। समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शुक्रवार को यह बात कही। जेएसडब्ल्यू समूह ईवी क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए एमजी मोटर इंडिया के साथ बातचीत भी कर रहा है। जिंदल ने 'बी20 समिट इंडिया 2023' के मौके पर कहा, हम ईवी क्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर बेहद गंभीर हैं। एमजी हमारी पहली पसंद होगी। अगर ऐसा होता है, तो ठीक है। अन्यथा हम अपनी खुद की ईवी कारों को विकसित करने के लिए भी काम कर रहे हैं। जिंदल ने कहा, ईवी एक ऐसा क्षेत्र है, जहां जेएसडब्ल्यू समूह को जरूर प्रवेश करना चाहिए। भविष्य इसका है और इस क्षेत्र में कदम रखने का यह सही समय है। इस मौके पर जिंदल ने शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वैश्विक सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन सिर्फ चर्चा का बिंदु नहीं है, बल्कि एक वास्तविकता है।

## भारत के साथ दोस्ती जितनी गहरी होगी समृद्धि उतनी अधिक होगी : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारत के युवा प्रतिभा समुदाय और डिजिटल क्रांति का हवाला देते हुये वैश्विक व्यापार समुदाय से कहा भारत के साथ आपकी दोस्ती जितनी गहरी होगी दोनों के लिए समृद्धि उतनी ही अधिक होगी।

मोदी ने यहां तीन दिवसीय बी 20 शिखर सम्मेलन को अंतिम दिन संबोधित करते हुये कहा, व्यवसाय संभावनाओं को समृद्धि में, बाधाओं को अवसरों में, आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदल सकता है। चाहे वे छोटे हों या बड़े, वैश्विक हों या स्थानीय, व्यवसाय सभी के लिए प्रगति सुनिश्चित कर सकता है। इसलिए वैश्विक विकास का भविष्य व्यापार के भविष्य पर निर्भर है।

बी20 थीम आर.ए.आई.एस.ई. के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि भले ही आई नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन वह समावेशिता के एक और आई की तस्वीर पेश करता है। उन्होंने कहा कि जी20 में स्थायी सीटों के लिए अफ्रीकी संघ को आमंत्रित करते समय भी यही दृष्टिकोण लागू किया गया है। बी20 में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि अफ्रीका के आर्थिक विकास को फोकस क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत का मानना है कि इस मंच के समावेशी दृष्टिकोण का इस समूह पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यहां लिए गए निर्णयों की सफलताओं का वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से निपटने और सतत विकास पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

कोविड-19 महामारी से सीखे गए सबक के बारे में श्री मोदी ने कहा कि महामारी ने हमें सिखाया कि जिस चीज में हमारे निवेश की सबसे ज्यादा जरूरत है, वह है आपसी विश्वास। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब महामारी ने आपसी विश्वास की इमारत को ध्वस्त कर दिया, तो भारत आपसी विश्वास का झंडा बुलंद करते हुए आत्मविश्वास और विनम्रता के साथ खड़ा रहा। भारत ने दुनिया की फार्मेसी के रूप में अपनी स्थिति को कायम रखते हुए 150 से अधिक देशों को दवाएं उपलब्ध कराईं। इसी तरह करोड़ों लोगों की जान बचाने के लिए वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाया गया। भारत के लोकतांत्रिक मूल्य उसकी कार्रवाई और उसकी प्रतिक्रिया में दिखते हैं। उन्होंने कहा, भारत के 50 से अधिक शहरों में जी20 बैठकों में भारत




के लोकतांत्रिक मूल्य दिखते हैं।

कोविड-19 महामारी की शुरुआत के साथ जीवन में हुए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों के अपरिवर्तनीय परिवर्तन हुआ। जब दुनिया को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी, तो इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि भारत उन व्यवधानों का समाधान है, जिनसे आज दुनिया निपट रही है। उन्होंने आज दुनिया में एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला बनाने में भारत की स्थिति पर प्रकाश डाला और वैश्विक व्यवसायों के योगदान पर जोर दिया। मोदी ने कहा कि जी20 देशों के व्यवसायों के बीच बी20 एक मजबूत मंच के रूप में उभरा है। उन्होंने वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ने पर जोर देते हुये कहा कि स्थिरता अपने आप में एक अवसर के साथ-साथ एक बिजनेस मॉडल भी है। उन्होंने इसे बाजरे का उदाहरण देकर विस्तार से बताया जो एक सुपरफूड है, पर्यावरण के अनुकूल है और छोटे किसानों के लिए भी अच्छा है, जो इसे अर्थव्यवस्था और जीवनशैली दोनों के दृष्टिकोण से एक जीत वाला मॉडल बनाता है। उन्होंने सर्कुलर इकोनॉमी और हरित ऊर्जा का भी उल्लेख किया। दुनिया को साथ लेकर चलने का भारत का दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे कदमों में दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद की दुनिया में हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति अतिरिक्त जागरूक हो गया है और इसका प्रभाव रोजमर्रा की गतिविधियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। लोग ऐसी किसी भी गतिविधि के भविष्य के प्रभाव की आशा कर रहे हैं। प्रधान मंत्री ने कहा कि व्यवसायों और समाज को पृथ्वी के प्रति समान दृष्टिकोण रखना चाहिए और पृथ्वी पर उनके निर्णयों के प्रभाव का विश्लेषण करना चाहिए। उन्होंने कहा पृथ्वी की भलाई भी हमारी जिम्मेदारी है।

मिशन लाइफ के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य प्रो प्लैनेट पीपल का एक समूह या सामूहिक निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि आधी समस्यायें तब कम हो जाएंगी जब जीवनशैली और व्यवसाय दोनों ही पृथ्वी के अनुकूल होंगे। उन्होंने जीवन और व्यापार को पर्यावरण के अनुरूप ढालने पर जोर दिया और भारत द्वारा व्यापार के लिए हरित ऋण की रूपरेखा तैयार करने की जानकारी दी, जिसमें पृथ्वी के अनुरूप सकारात्मक कार्यों पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने व्यापार के पारंपरिक दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने को कहा। ब्रांड और विक्रय से आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा, एक व्यवसाय के रूप में, हमें एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा जो हमें दीर्घकालिक रूप से लाभान्वित करेगा। अब, पिछले कुछ वर्षों में भारत द्वारा लागू की गई नीतियों के कारण, केवल 5 वर्षों में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। ये लोग नये उपभोक्ता हैं। यही नव मध्यम वर्ग भारत के विकास को भी गति दे रहा है। यानी सरकार द्वारा गरीबों के लिए किए गए काम का शुद्ध लाभार्थी हमारा मध्यम वर्ग भी है और हमारे एमएसएमई भी हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि व्यवसायों को अधिक से अधिक लोगों की क्रय शक्ति में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि आत्म-केंद्रित दृष्टिकोण सभी को नुकसान पहुंचाएगा। महत्वपूर्ण सामग्री और दुर्लभ धातुओं में असमान उपलब्धता और सार्वभौमिक आवश्यकता की समान चुनौती का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि जिनके पास ये हैं वे इन्हें वैश्विक जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखते हैं तो यह उपनिवेशवाद के एक नए मॉडल को बढ़ावा देगा।

## फेड रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के संकेत का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के कमजोर रुख से बीते सप्ताह गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के जैक्सन होल बैठक में महंगाई की ऊंची दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर में बढ़ोतरी किये जाने के संकेत का अगले सप्ताह बाजार पर असर रहेगा।



बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 62.15 अंक अर्थात् 0.1 प्रतिशत की मामूली गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 64886.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 44.35 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 19265.80 अंक पर आ गया।

वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिसने बाजार और अधिक गिरने से बचाया। बीते सप्ताह मिडकैप 452.59 अंक अर्थात 1.5 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 30717.91 अंक और स्मॉलकैप 772.63 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36055.96 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों के जैक्सन होल बैठक के नतीजे को लेकर सतर्कता बरतने से घरेलू बाजार में एक और सप्ताह नुकसान का रहा। निवेशकों को ब्याज दरों में बढ़ोतरी की भविष्य की संभावनाओं का आकलन करने के लिए फेड अध्यक्ष श्री पॉवेल के वक्तव्य का उत्सुकता से इंतजार था। शुक्रवार को देर शाम बैठक के बाद श्री पॉवले ने कहा कि महंगाई की ऊंची दर को नियंत्रित करने के लिए आगे भी सावधानीपूर्वक ब्याज दरों में बढ़ोतरी किये जाने की जरूरत है। अगले सप्ताह उनके वक्तव्य का बाजार पर सीधा असर देखा जा सकेगा।

इसके साथ ही रिजर्व बैंक (आरबीआई) की हाल की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक के मिनट्स में बढ़ी हुई घरेलू मुद्रास्फीति के बीच लक्ष्य सीमा के भीतर महंगाई को प्रबंधित करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। हालांकि मौजूदा उच्च मुद्रास्फीति स्तरों की अस्थायी प्रकृति के कारण नीतिगत दरों में आसन्न वृद्धि की उम्मीद कम है। अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में इन सभी कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

चीन के ब्याज दर में निवेशकों की उम्मीद से थोड़ा कम कटौती करने से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 267.43 अंक की तेजी लेकर 65,216.09 अंक और निफ्टी 83.45 अंक चढ़कर 19,393.60 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार की तेजी के समर्थन से स्थानीय स्तर पर सोलह कंपनियों में लिवाली तो हुई लेकिन जियो फाइनेंस में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट ने मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले दिवस की तेजी कुंद कर दी। सेंसेक्स 3.94 अंक बढ़कर 65,220.03 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 2.85 अंक उठकर 19,396.45 अंक पर सपाट रहा। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, इंडस्ट्रियल्स, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी तेजी रही। सेंसेक्स 213.27 अंक की छलांग लगाकर 65,433.30 अंक और निफ्टी 47.55 अंक चढ़कर 19,444 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर जियो फाइनेंस, रिलायंस, एनटीपीसी, मारुति और टाटा स्टील समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट के दबाव में गुरुवार को सेंसेक्स 180.96 अंक की गिरावट लेकर 65,252.34 अंक और निफ्टी 57.30 अंक उतरकर 19,386.70 अंक पर आ गया। अमेरिकी फेड रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की ब्याज दरों को लेकर जारी बैठक से पहले एशियाई बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 365.83 अंक लुढ़ककर एक सप्ताह बाद 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64,886.51 अंक और निफ्टी 120.90 अंक की गिरावट लेकर 19,265.80 अंक पर आ गया।

## आढ़तियों की जनरल मीटिंग में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा




**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश की सबसे बड़ी अनाज मंडी सिरसा में हर वर्ष की तरह खरीद सीजन शुरू होने से पहले आढ़ती एसोसिएशन की जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने की जिसमें बड़ी संख्या में आढ़तियों ने भाग लेकर अपने-अपने विचार रखे। मीटिंग में मंच संचालन एसोसिएशन के सह सचिव महावीर शर्मा ने किया।

बैठक में आढ़तियों ने प्रमुख रूप से सरकार द्वारा गलत तरीके से जीएसटी को लागू करने का मुद्दा उठाया। आढ़तियों ने बताया कि जीएसटी पंजाब में नहीं है तो हरियाणा में भी समाप्त होनी चाहिए। इसके लिए एसोसिएशन उचित कदम उठाए। गेहूं की कटौती, खरीददारों से ब्याज रेट, किसी भी फसल की खरीद का समय पर भुगतान, यदि खरीददार द्वारा निश्चित समय के बाद भुगतान किया जाता है तो वह आरटीजीएस से करवाए। माल का उठान दो दिन में करवाना सुनिश्चित हो। कुछ आढ़तियों ने शिकायत की कि कुछ खरीददार मिलीभगत से माल खरीद रहे हैं। कुछ आढ़तियों ने मंडी में टूटे हुए फड़ व शैड की शिकायत की। इन मुद्दों पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सिरसा मंडी में आढ़तियों के माल की सुरक्षा के लिए चौकीदार रखे गए हैं। चौकीदारों के सराहनीय कार्य को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। आढ़तियों के सवालों पर प्रधान मेहता ने जवाव दिया और बताया कि मंडी में जर्जर शैड को बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को लिखा गया है। मंगलवार को इस बारे में अधिकारियों से बात की जाएगी।

मेहता ने कहा कि मंडी व आढ़तियों की समस्याओं का निदान करवाने के साथ ही उनका प्रमुख रूप से आढ़तियों के डूबे हुए रुपयों को निकलवाना भी है। उन्होंने उपस्थित आढ़तियों से कहा कि सभी आढ़ती एसोसिएशन के बनाए हुए नियमों पर अमल करे, एकता बनाकर रखे। मंडी को चलाने में सहयोग करे। केवल मात्र उस खरीददार को ही माल दे जिनको एसोसिएशन ने मान्यता दी है।

## हैदराबाद में आठवें रोज़गार मेले को संबोधित करेंगे चंद्रशेखर

हैदराबाद। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर सोमवार को यहां मेन्स क्लब ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ में आयोजित रोजगार मेले की आठवीं किश्त को संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, जो उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। रविवार को एक बयान में कहा गया कि वह हाल ही में शामिल हुए भर्तियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

जुलाई में, चेन्नई में रोज़गार मेले में, चंद्रशेखर ने सरकारी नौकरियों में एक नई संस्कृति 'सेवा' या सार्वजनिक सेवा शुरू करने के पीएम मोदी के संदेश को दोहराया। उन्होंने शासन और सरकारी नौकरियों को लेकर लोगों के नजरिए में व्यापक बदलाव के बारे में बात की।

मध्य प्रदेश में रोज़गार मेले में हाल ही में एक संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने नव नियुक्त 5800 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की सराहना की और इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में उनकी भूमिका कैसे महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने प्राथमिक शिक्षा में एक नए पाठ्यक्रम के विकास पर ध्यान देते हुए पारंपरिक ज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों को समान महत्व देने पर जोर दिया। रोज़गार मेला देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया गया।

### चंद्रयान 3 मिशन विज्ञान और उद्योग दोनों की सफलता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 23 अगस्त को चंद्रयान के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के साथ शुरू हुआ उत्सव अब त्योहारी सीजन के साथ आगे बढ़ चुका है और यह मिशन विज्ञान और उद्योग दोनों की सफलता है। मोदी ने यहां आयोजित तीन दिवसीय बी 20 शिखर सम्मेलन को अंतिम दिन संबोधित करते हुये कहा कि चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर समाज के साथ-साथ व्यवसाय भी जश्न के मूड में हैं। उन्होंने इस मिशन की सफलता में इसरो की भूमिका का उल्लेख करते हुये कहा कि मिशन में उद्योग की बड़ी भूमिका रही है क्योंकि चंद्रयान के कई उपकरण निजी क्षेत्र और एमएसएमई द्वारा प्रदान किए गए थे। उन्होंने कहा, यह विज्ञान और उद्योग दोनों की सफलता है।

## सरसों, मूंगफली और वनस्पति तेल में तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में तेजी रही।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 21 रिंगिट फिसलकर 3834 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 सेंट की गिरावट लेकर 63.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12454 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20732 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। सप्ताहांत पर मसूर दाल 200 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये और उड़द दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4200-4300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## चार बीमा कंपनियों में 2023-24 में और पूंजी नहीं डालेगी सरकार

एजेंसी

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की चार साधारण बीमा कंपनियों में चालू वित्त वर्ष (2023-24) में और पूंजी नहीं डालेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि एक सरकारी गैर-जीवन बीमा कंपनी द्वारा चालू वित्त वर्ष में सरकार को लाभांश देने की संभावना है और ये कंपनियां अपने 'सॉल्वेंसी मार्जिन' के लक्ष्य को पा सकेंगी।

सरकार ने पिछले साल तीन बीमा कंपनियों- नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी। चालू वित्त वर्ष के बजट में बीमा कंपनियों में पूंजी निवेश उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अधिकारी ने कहा, 'हमें नहीं लगता कि फिलहाल पूंजी निवेश की जरूरत है। बल्कि, एक साधारण बीमा कंपनी इस साल डिविडेंड दे सकती है।' भारत में फिलहाल चार साधारण बीमा कंपनियां- न्यू इंडिया एश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी हैं।

इनमें केवल न्यू इंडिया एश्योरेंस ही अन्य से बेहतर स्थिति में है।

### एक्स्ट्रा पूंजी बनाएं रखें बीमा कंपनियां, बुरे दौर में मिलेगी मदद

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों को संभावित दावा राशि के अलावा अतिरिक्त पूंजी बनाए रखने का आदेश दिया है। यह विषम परिस्थितियों में वित्तीय सहायता के रूप में कार्य करता है, जिससे कंपनी को सभी दावों का निपटान करने में मदद मिलती है।

## देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट

नई दिल्ली। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह चालू वित्त वर्ष में घट गया है। जानकारी के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में यह 34 फीसदी घटकर 10.94 अरब डॉलर रहा।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों में इसका खुलासा हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में देश में 16.59 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। आंकड़ों से पता चलता है कि मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से एफडीआई घटा है। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, ट्रेडिंग, वाहन और फार्मा जैसे क्षेत्रों में एफडीआई कम रहा है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 28 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### असम ने जीती राष्ट्रीय वोवीनाम की ओवरआल चैंपियनशिप

गुवाहाटी। मेजबान असम ने 12वीं राष्ट्रीय वोवीनाम प्रतियोगिता में ओवरआल टीम चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। गुवाहाटी के नेहरू स्टेडियम में मणिपुर टीम ने दूसरा और महाराष्ट्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण,दो रजत और पांच कांस्य पदक हासिल किये। प्रतियोगिता में 21 प्रदेशों से 550 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। छत्तीसगढ़ को चौथा स्थान प्राप्त हुआ और उत्तर प्रदेश टीम पांचवें स्थान पर रही। असम खेल मंत्री नंदिता गोर्लोसा ने समापन अवसर पर विजेता टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। उत्तर प्रदेश टीम में जूनियर फाइट ग्रुप में विश्वजीत यादव ने 64 किलोग्राम भार वर्ग, अखिल अग्रहरि ने 60 किलोग्राम , सीनियर वर्ग में मनीष सिंह 80 किलोग्राम फैसल जफर ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक और मोनिका सिंह ने 40 किलो व जितेंद्र कुमार ने 70 किलो में रजत पदक जीते जबकि सब जूनियर वर्ग में अवरिल दत्त तिवारी 24 किलो, अमूल्य पांडे 28 किलो, अनुभव सोनी 40 किलो, मुस्कान राजपूत 45 किलो और अदिति दत्त तिवारी 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतने में सफल हुए।

### पंजाब में 1807 खिलाड़ियों को 5.94 करोड़ की राशि से किया जाएगा सम्मानित

चंडीगढ़। खेलों और खिलाडियों के अनुकूल माहौल सृजन करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील पंजाब सरकार अब पिछले पाँच सालों के नकद इनामी राशि से वंचित खिलाडियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तोहफ़ा देने जा रही है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर खेल विभाग द्वारा 2017 से अब तक नकद इनामी राशि से वंचित रहे राज्य स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के पदक विजेता 1807 खिलाडियों की सूची तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री 29 अगस्त को बठिंडा में 'खेडां वतन पंजाब दियां' के सीजन-2 के उद्घाटन समारोह के अवसर पर इन 1807 खिलाडियों को कुल 5.94 करोड़ रुपए की इनामी राशि से सम्मानित करेंगे। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने रविवार को यहां जारी प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के संज्ञान में आया था कि राज्य में बहुत से खिलाड़ी ऐसे थे जिनको पदक जीतने के बावजूद पिछले पाँच सालों से नकद इनामी राशि नहीं मिली। मुख्यमंत्री मान द्वारा निर्देश दिए गए कि खेल विभाग इन खिलाडियों की सूची तैयार करके इनका हक दें। खेल विभाग द्वारा साल 2017 से अब तक ऐसे 1807 खिलाडियों की सूची तैयार की गई है, जिनकी कुल इनामी राशि 5,94,45,400 (5.94 करोड़) रुपए बनती है।

### जापान को रौंदने के बाद भारतीय महिलाओं की निगाहें थाईलैंड पर फतह पर

ओमान। महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में शनिवार को जापान के खिलाफ 7-1 से बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित भारतीय महिला टीम की निगाहे रविवार को थाईलैंड को धूल चटाने के साथ ही जीत की हैट्रिक पर होगा। ओमान के सलालाह में खेली जा रही प्रतियोगिता में भारतीय लड़कियों ने जापान के खिलाफ 7-1 से जीत दर्ज की थी। भारत की ओर से महिमा चौधरी ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक दो गोल सातवें और 30वें मिनट पर दागे थे जबकि अक्षता ढेकाले (8%), मारियाना कुजूर (12%), ज्योति (23%), मोनिका दीपी टोप्पो (27%) और अजमीना कुजूर (30%) ने भी जापान को रौंदने में कोई कोर कसर नहीं छोडी थीं। जापान के लिए एकमात्र गोल रीसा नाकासेची ने मैच के नौवें मिनट पर किया था। अपने पहले मैच में जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक शुरुआत की और खेल के सातवें मिनट में शानदार फॉर्म में चल रही महिमा चौधरी ने गोल किया। एक मिनट बाद, भारत ने अक्षता ढेकाले (8%) के शानदार फील्ड गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। हालाँकि, जापान ने रीसा नाकासेची (9%) के माध्यम से एक को पीछे खींच लिया।

### भारत ने टेंट पेगिंग विश्व कप में रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीका में जीता कांस्य पदक

**जॉर्ज।** टेंट पेगिंग विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया है। पांच सदस्यीय भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित टेंट पेगिंग विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। टेंट पेगिंग घुड़सवार सेना का एक खेल है जिसमें सवार को भाले से जमीन पर रखे लकड़ी के गुटके को उठाना होता है। शनिवार को पोडियम फिनिश हासिल करने वाला भारत टेंट पेगिंग विश्व कप के पिछले दो संस्करणों में छठे और सातवें स्थान पर रहा था। सबसे हालिया संस्करण चौथा मूल रूप से 2022 में आयोजित होने वाला था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसमें देरी हुई। इंटरनेशनल टेंट पेगिंग फेडरेशन में 29 देश शामिल हैं, जो प्रत्येक चार टीमों के समूहों में विभाजित होने पर विश्व कप योग्यता अर्जित करते हैं। ओमान में अपनी आम सभा के दौरान, प्रत्येक राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक समूह चुनने के लिए एक ड्रा आयोजित किया गया था। भारत को ग्रुप डी में रखा गया। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए भारतीय टीम ने जनवरी में सूडान में हुए क्वालीफायर में हिस्सा लिया था।

### 16 साल की अवनी ने स्वीडन में जीता गोल्फ टूर्नामेंट

हूर। सोलह साल की गोल्फर अवनी ने लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) एसेस सीरीज में ऐशसेल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। वह एलईटी एसेस सीरीज में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय और यूरोप में खिताब जीतने वालीं तीसरी भारतीय महिला हो गईं। उनसे पहले इस सत्र में अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने मुख्य लेडीज यूरोपियन टूर में खिताब जीता था। अवनी ने इस साल मनीला में क्वीन सिरकिट कप जीता था। वह सितंबर में चीन में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय गोल्फ टीम में हिस्सा लेंगी और प्रतियोगिता में भाग लेने वालीं सबसे युवा भारतीय गोल्फर बनेंगी। अवनी ने फाइनल में अंतिम सात होल में बर्डी और ईगल के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। पहले दो राउंड में उन्होंने 72-71 का स्कोर किया था। हालांकि फाइनल में उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पहले और चौथे होल पर वह अच्छा नहीं कर पाई थी लेकिन पांचवें और आठवें होल पर उन्होंने बर्डी लगाई। उन्होंने 12 और 13वें होल्ड पर लगातार दो बर्डी लगाई और फिर 14 वें होल पर बर्डी के साथ बढ़त पुख्ता कर ली। 17वें होल पर फिर बर्डी के साथ खिताब सुरक्षित कर लिया। इससे पहले भारत की अश्मिता सतीश (74-76) और विद्यात्री (80-74) कट हासिल नहीं कर सकी थीं।

### लाइल्स ने सौ मीटर के बाद 200 मीटर में भी जीता स्वर्ण, बोल्ट की बराबरी की

बुडापेस्ट। सौ मीटर में स्वर्ण जीतने वाले अमेरिका के नोह लाइल्स ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। अमेरिका के ही इरियन नाइटन ने रजत पदक जीता। लाइल्स ने पिछली चैंपियनशिप में जीते अपने 200 मीटर के खिताब को सुरक्षित रखा लाइल्स जमैका के दिग्गज उसेन बोल्ट के विश्व चैंपियनशिप 2015 में 100 मीटर और 200 मीटर में खिताब जीतने के बाद इन दोनों स्पर्धाओं में दोहरा स्वर्ण जीतने वाले पहले एथलीट हैं। लाइल्स ने 19.52 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता। नाइटन ने 19.75 सेकंड के साथ रजत पदक जीता। पिछली बार नाइटन कांस्य पदक जीतने में सफल रहे थे। बोत्सवाना के लेस्ले ने 19.81 के साथ कांस्य पदक जीता। फिनिशंग लाइन पार करने के बाद लाइल्स ने वी मार्क के साथ अपने स्प्रिंट डबल का जश्न मनाया। अभी लाइल्स के पास बुडापेस्ट में 4×100 मीटर रिले में तीसरा स्वर्ण जीतने का मौका बाकी है। अब लाइल्स की निगाह पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने पर है, जिसके लिए लिए अभी उनके पास साढ़े 11 महीने का समय शेष है।

# एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर : बांग्लादेश से 29 को होगी पहली भिड़ंत

**बेंगलुरु।** ओमान के सलालाह में 29 अगस्त से दो सितंबर के बीच खेले जाने वाले पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का पहला मुकाबला मंगलवार को बांग्लादेश से होगा।

भारतीय टीम को मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बांग्लादेश के साथ एलीट पूल में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार 29 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं।

बांग्लादेश के बाद भारत 30 अगस्त को ओमान और पाकिस्तान से भिड़ेगा और उसके बाद 31 अगस्त को मलेशिया और जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। 2024 में खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में भारत को आगामी टूर्नामेंट में कम से कम शीर्ष तीन में जगह बनानी होगी। मेजबान देश होने के नाते ओमान ने एशिया से एक जगह पहले ही बुक कर ली है।



मंदीप मोर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मोहम्मद राहील मौसीन उप-कप्तान होंगे। सूरज कारकेरा गोलकीपर और जुगराज सिंह, दिपसन टिर्की और मंदीप मोर डिफेंडर की भूमिका निभायेंगे। सुखविंदर को मंजीत के रिप्लेसमेंट के रूप में रक्षा पंक्ति में शामिल किया गया है। मंजीत को साई सेंटर बेंगलुरु में एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान चोट लग गई थी। मनिंदर सिंह और मो. राहिल मौसीन को मिडफील्डर नामित किया गया है, जबकि पवन राजभर और गुरजोत सिंह अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व करेंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भारतीय टीम रविवार को ओमान के लिये रवाना हो गयी। कप्तान मंदीप मोर ने टीम की रवानगी से पहले कहा खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने के लिए उत्साहित हैं। हमारे पास एक ठोस टीम है और हमने आगामी प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी की है। इस प्रारूप में सभी टीमें मजबूत हैं, इसलिए यह एक कठिन टूर्नामेंट होगा।

टीम के उप-कप्तान मोहम्मद राहील मौसीन ने कहा, हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे और हमने सभी विपक्षी टीमों का अच्छी तरह से अध्ययन किया है। हमने उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाई है। हमें टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है और हम लक्ष्य 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिए सीधा क्वाईफाई करने का है।

## सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित



नई दिल्ली। भूटान के थिंपू में एक से दस सितंबर के बीच खेली जाने वाली सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय अंडर 16 टीम की घोषणा कर दी गयी है।

भारतीय अंडर-16 टीम के मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने बताया कि भारत को नेपाल और बांग्लादेश के साथ टूर्नामेंट के ग्रुप ए में रखा गया है जबकि मेजबान भूटान, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप बी में शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमी फाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी।

फेडरेशन (एआईएफएफ) के सूत्रों ने रविवार को बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर जुलाई में श्रीनगर में शुरू हुआ था, जिसमें देश भर के पांच क्षेत्रों - पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और उत्तर-पूर्व में व्यापक स्काउटिंग के बाद 50 से अधिक संभावितों को चुना गया। अंतिम 23 की सूची को अहमद ने अखिल भारतीय फुटबॉल, श्रीनगर में एक महीने से अधिक प्रशिक्षण के बाद चुना। भारतीय टीम इस प्रकार है। गोलकीपर: रोहित, अहेइबाम सूरज सिंह, अरुष हरि। डिफेंडर: नगारियांबम अभिजीत, मोहम्मद कैफ, याईफारेम्बा चिंगखाम, उशम थौंगाम्बा, वुमलेनलाल हैंगशिंग, चिंगथम रेनिन सिंह, करिश सोरम।

मिडफील्डर : न्यूटन सिंह, कंगुजम योइहेनबा मेइतेई, लेविस जांगमिनलुन, बॉबी सिंह, अब्दुल सलहा, नगमगौहौ मेट, विशाल यादव, मनभाकुपर मलंगियांग, एमडी अरबाश।

## एशिया कप के लिये सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल


**इस्लामाबाद।** एशिया कप के लिये पाकिस्तान ने तय्यब ताहिर की जगह मध्य क्रम के बल्लेबाज सऊद शकील को जगह दी है। ताहिर अब रिज़र्व के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। शकील के नाम सिर्फ़ पांच वनडे मैच हैं, लेकिन उनका टेस्ट करियर शानदार रहा है। सात टेस्ट मैचों में उनके नाम एक दोहरे शतक सहित दो शतक और छह अर्धशतक हैं। लिस्ट ए मैचों में भी उनके नाम 44.44 की औसत से 2489 रन हैं। शकील अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ आख़िरी वनडे में एकादश का हिस्सा थे, जहां उन्होंने रन आउट होने से पहले छह गेंदों पर नौ रन बनाए। अब वह रविवार को पाकिस्तानी टीम के साथ मुल्तान पहुंचेंगे। अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ श्रीलंका में खेल रही पाकिस्तानी टीम एशिया कप की तैयारियों के लिए मुल्तान पहुंचेगी। हालांकि बाबर आज़म, इमाम-उल-हक़ और नसीम शाह जैसे कुछ नाम सोमवार शाम टीम से जुड़ेंगे। 30 अगस्त को एशिया कप के शुरुआती मुक़ाबले में पाकिस्तान की टीम मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगी।

## विश्व चैंपियनशिप : पहली बार 4×400 मीटर रिले के फाइनल में भारत

**बुडापेस्ट।** मोहम्मद अनस यहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुष 4म400 मीटर रिले फाइनल में क्वालीफाई कर लिया है।

भारतीय टीम शनिवार को पहले चरण के बाद छठे स्थान पर थी लेकिन अमोज की अद्भुत दौड़ ने भारतीय टीम को दूसरे स्थान तक पहुंचाया, जबकि अजमल और राजेश ने दौड़ का शानदार अंत करते हुए दो मिनट 59.05 सेकंड का नया एशियाई रिकॉर्ड भी स्थापित किया।

इससे पहले एशियाई रिकॉर्ड जापान (दो मिनट, 59.51 सेकंड) के पास था, जो उसने विश्व चैंपियनशिप 2022 में बनाया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में तीन मिनट 0.25 सेकंड में पिछला एशियाई रिकॉर्ड बनाया था और एक बार फिर जापान को पछाड़कर महाद्वीप में अपना वर्चस्व कायम किया। हीट 1 की दौड़ में भारतीय टीम कुछ क्षण के लिए सबसे




आगे भी रही लेकिन अंततः अमेरिका ने दो मिनट और 58.47 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया।

ब्रिटेन ने दो मिनट 59.42 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रत्येक दो हीट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमें और अगले दो सबसे तेज फिनिशर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में युद्धाभ्यास के दौरान यूएस मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश : 3 सैनिकों की मौत

**अमेरिका बोला- मदद के लिए फिलहाल कुछ नहीं कर सकते**

ऑस्ट्रेलिया में युद्धाभ्यास के दौरान रविवार 27 अगस्त को अमेरिकी मिलिट्री का वी-22 ऑस्प्रे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें सवार 23 सैनिक बुरी तरह घायल हो गए। जिनमें से 3 सैनिकों की बाद में मौत हो गई। बाकियों की हालत गंभीर है।

सैनिकों को बचाने के लिए कई घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हादसा स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 9 बजकर 43 मिनट पर डार्विन शहर के तिवि आईलैंड के तट पर हुआ। मिलिट्री एक्सरसाइज में फिलिपींस और इंडोनेशिया भी शामिल थे।

ऑस्ट्रेलियन डिफेंस फोर्स यानी एडीएफ ने बताया कि इस पल हम सिर्फ सैनिकों को बचाने पर ध्यान दे रहे हैं। डार्विन एयरपोर्ट से रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए केयर फ्लाइट जेट का इस्तेमाल किया गया। कई सैनिकों को इलाज के लिए रॉयल डार्विन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।



### युद्धाभ्यास को रोका गया

ये अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। इस युद्धाभ्यास में 150 अमेरिकी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की डिफेंस फोर्स के मुताबिक क्रैश हुए हेलिकॉप्टर में सभी सैनिक अमेरिकी थे। हादसे की वजह से युद्धाभ्यास को रोक दिया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने इस घटना पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने हादसे को दुखद बताया। वहीं एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी है, पर इस वक्त वो कुछ नहीं कर सकते।

### युद्धाभ्यास के दौरान एक महीने में दूसरा बड़ा हादसा

युद्धाभ्यास के दौरान ये दूसरा बड़ा हादसा है। इससे पहले 29 जुलाई को अमेरिका के साथ किए जा रहे युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलियाई मिलिट्री का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। स्क्र्।-900 ताइपान हेलिकॉप्टर हेमिलटन आईलैंड के पास क्रैश हुआ था। इसमें चार सैनिकों की मौत हो गई थी।

### अमेरिका का वी-22 ऑस्प्रे हेलिकॉप्टर

इस हेलिकॉप्टर को 1989 में डेवलप किया गया था। इसकी प्रोग्राम कॉस्ट उस समय करीब 22 अरब रुपए थी। हाल ही के दिनों में इसके क्रैश होने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

इसकी सबसे बड़ी खासियत रॉल्स रॉयस एई-1107सी इंजन थे, इससे गियर बदलते ही स्पीड बढ़ जाती है।

हेलिकॉप्टर में लगे तीन इंजनों को ड्राइव शॉफ्ट्स से इसलिए जोड़ा गया था, जिससे कि किसी इंजन के फेल हो जाने पर बाकी इंजन उतनी ही स्पीड से काम कर सकें।

हेलिकॉप्टर की बुलेटप्रूफ कॉकपिट के ग्लास नाइट विजन है, जिसके चलते पायलट अंधेरे में भी बिना लाइट ऑन किए नीचे देख सकता है।

इसके अलावा हेलिकॉप्टर के दोनों साइड लगे पंखे हवा के रुख के हिसाब से तीन दिशाओं में मुड़ सकते हैं, जिससे हेलिकॉप्टर की स्पीड बनी रहे।

इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि रेस्क्यू के अलावा समय आने पर इनसे दुश्मनों के हेलिकॉप्टर या अन्य वेपंस को टार्गेट किया जा सकता है। ये एम-240 मशीन गन और एम-2 मशीनगन, जॉइंट एयर-टु-ग्राउंड मिसाइल से भी लैस हैं।

## ईरान ने अमेरिका पर 2.72 हजार करोड़ का जुर्माना लगाया

**इस्लामिक क्रांति के बाद तख्तापलट की कोशिश का आरोप, कहा- सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

तहरान। ईरान की एक कोर्ट ने अमेरिका पर तख्तापलट की साजिश में शामिल होने पर 2.72 हजार करोड़ का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि 1979 की इस्लामिक क्रांति में अमेरिका समर्थित शाह मोहम्मद रजा पहलवी की सत्ता का अंत हो गया था। इसके करीब 1 साल बाद 1980 में कई आर्मी अफसरों ने मिलकर तख्तापलट की कोशिश की थी।

ईरान के स्टेट मीडिया के मुताबिक, उनका उद्देश्य देश भर में सैन्य ठिकानों पर कब्जा करना, रणनीतिक केंद्रों और क्रांति में शामिल रहे नेताओं के आवासों को निशाना बनाना था। हालांकि, उनकी कोशिश विफल रही। विद्रोहियों का नेतृत्व पूर्व ईरानी



वायुसेना कमांडर सईद महदियाउन ने किया था, और उनका मुख्यालय नोजेह में था। ये पश्चिमी हमीदान प्रांत में एक एयरबेस था।

### तख्तापलट की कोशिश में मारे गए थे कई ईरानी

तख्तापलट के साजिश करने वालों और सरकारी बलों के बीच संघर्ष में कई लोग मारे गए और कई अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया था। पिछले साल इस विद्रोह में मारे गए लोगों के रिश्तेदारों ने ईरान की इंटरनेशनल कोर्ट में मुआवजे के लिए याचिका दायर की थी।

इस याचिका में उन्होंने अमेरिका पर तख्तापलट की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

शनिवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने अमेरिका पर मटीरियल और मॉरल डैमेज के लिए 30 मिलियन डॉलर यानी 247 करोड़ रुपए और लोगों की जान को खतरे में डालने के लिए करीब 2.72 हजार करोड़ का जुर्माना लगाया है।

### रूस के कुर्स्क में ड्रोन ने अपार्टमेंट बिल्डिंग को बनाया निशाना

**मॉस्को।** रूस के कुर्स्क शहर में शनिवार देर रात एक ड्रोन एक अपार्टमेंट की इमारत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कुछ मंजिलों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने विमान-प्रकार के ड्रोन के साथ रूसी क्षेत्र पर हमला करने की कोशिश की। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने ब्रांस्क और कुर्स्क क्षेत्रों में दो ड्रोन को मार गिराया। स्टारोवोइट ने टेलीग्राम पर लिखा,प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुर्स्क में कार्ल मार्क्स स्ट्रीट पर एक अपार्टमेंट इमारत में रात में एक ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### रोमानिया में गैस स्टेशन विस्फोटों में घायलों की संख्या 57 हुई

चिसीनुआ 27 अगस्त (वार्ता) रोमानिया के क्रेवेडिया शहर में एक गैस स्टेशन पर शनिवार को हुए विस्फोटों में घायल होने वाले लोगों की संख्या 57 तक पहुंच गई। रोमानिया के आपातकालीन स्थिति महानिरीक्षक ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले रोमानिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 46 लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टरेट ने सोशल मीडिया पर कहा, डेम्बोविटा जिले के क्रेवेडिया शहर में, एक तरलीकृत पेट्रोलियम गैस फिलिंग स्टेशन पर कई विस्फोट हुए, जिसमें 58 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। संस्था ने कहा कि घायलों में 43 आंतरिक मंत्रालय के कर्मी हैं, जिनमें से 39 अग्निशामक , दो पुलिस अधिकारी और दो अन्य जेंडरकर्मी हैं। कम से कम 54 लोग अस्पताल में भर्ती थे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को स्थानीय समयानुसार लगभग शाम साढ़े सात बजे (16:30 जीएमटी) क्रेवेडिया में एक गैस स्टेशन पर विस्फोट हुआ। अग्निशामकों के प्रयासों के बावजूद, आग अन्य गैस टैंकों तक फैल गई, जिससे कई और विस्फोट हुए। बचावकर्मियों ने 700 मीटर के दायरे वाले खतरे वाले क्षेत्र से 3,000 से अधिक लोगों को निकाला। एक संकट-विरोधी इकाई स्थापित की गई है और वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए पर्यावरण मंत्रालय के विशेषज्ञों को लाया गया है।

### पाकिस्तान में 42 आतंकवादी गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने अगस्त में प्रतिबंधित संगठनों के 42 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आठ, इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन और अल-कायदा के दो आतंकवादी शामिल हैं। ये सभी पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कहा कि सीटीडी ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पूरे प्रांत में 1,000 से अधिक तलाशी अभियान चलाए। सीटीडी की ओर से जिन जगहों पर अभियान चलाया गया, उनमें लाहौर, रावलपिंडी, बहावलपुर, गुजरांवाला, मुल्तान, सरगोधा, चिनियट, कसूर और मंडी बहाउद्दीन जिले शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी आतंकवादी दहशतगर्दी की गतिविधियों में शामिल थे या उन्होंने विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाई थी। इसके साथ ही अपने संबंधित संगठनों के लिए नए लोगों की भर्ती करने का भी काम कर रहे थे। सीटीडी ने अभियान के दौरान आतंकवादियों से हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा जब्त किया, जिसमें विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी), फ़्यूज़ और बड़ी मात्रा में स्थानीय और विदेशी मुद्राएं शामिल हैं।

### ब्रिटेन बंगलादेश में भागीदारीपूर्ण चुनाव देखना चाहता है

**ढाका।** बंगलादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) काजी हबीबुल अवल ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन देश में भागीदारीपूर्ण चुनाव देखना चाहता है। अवल ने यहां अगरगांव चुनाव भवन में ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक के साथ बैठक के बाद कहा कि ब्रिटेन बंगलादेश में भागीदारीपूर्ण चुनाव देखना चाहता है। उन्होंने कहा,हम भी चाहते हैं कि चुनाव स्वतंत्र और भागीदारीपूर्ण हों। साथ ही, ब्रिटिश उच्चायुक्त भी जानना चाहते थे कि पत्रकार स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं या नहीं। ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक ने कहा कि ब्रिटेन बंगलादेश में आगामी बारहवें संसदीय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण देखना चाहता है। सीईसी के साथ बैठक में पर्यवेक्षकों, मीडिया की भूमिका और आगामी चुनावों में प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुबह करीब 11 बजे चुनाव भवन स्थित अपने कार्यालय में ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक के साथ बैठक की। बारहवें राष्ट्रीय संसद चुनाव से पहले यूरोपीय संघ, जापान और अमेरिका सहित विभिन्न देशों के राजनयिकों ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### सूरजकुंड पजावा तालाब एवं मोती सागर तालाब के जल का होगा शुद्धिकरण: धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। डी पी सिंह बैस ने बताया कि आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने एक वैज्ञानिकों की टीम लखनऊ से बुलाकर पानी की गुणवत्ता सुधार हेतु ई-बाल के माध्यम से जैविक तरीके से पानी की गुणवत्ता सुधारने हेतु प्रसिद्ध है देश के कई राज्यों में इस माध्यम से कार्य किया जा रहा है बलरामपुर नगर के तालाबों की सैंपलिंग की गई और 15 दिवस के भीतर पानी की गुणवत्ता सुधार की प्रक्रिया की जा रही है पर बलरामपुर के सभी तालाब एवं जलासयों की भी पानी को शुद्धिकरण कराया जाएगा। आज श्रीदेवी पाटन मंदिर तुलसीपुर, पाजवातालाब, करबला, एवम मोती सागर में कार्य प्रारंभ किया गया है। डॉ प्रशांत शर्मा, वैज्ञानिक नीतीश राय, मनीष शर्मा तकनीकी जानकार ई बाल ने निरीक्षण किया।

### शिक्षकों को आरएसएम की सदस्यता ग्रहण करा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया




**सोनभद्र।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ.प्र. जनपद सोनभद्र के विकास खंड म्योरपुर के न्यायपंचायत जरहा में शैक्षिक संगोष्ठी का कार्यक्रम अजिरेश्वर महादेव मंदिर, जरहा के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अखिलेश वत्स शैक्षिक क्षेत्र के समस्याओं, चुनौती तथा इसके समाधान के लिए महासंघ के प्रयास को बताया तथा न्याय पंचायत जरहा के एक साथ बहुत से शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशकों ने महासंघ के कार्य से जुड़कर संगठन को सशक्त बनाने के लिए महासंघ की स्वेच्छा से सदस्यता ग्रहण की। जिला उपाध्यक्ष मेघनाथ प्रसाद ने संगठन के महत्व को बताया तथा राम सजीवान जयसवाल व मनीष राय विकास खंड में संगठन को सशक्त बनाने की योजना बताते हुए कहे कि संगठन सशक्त बनने से हमारा शैक्षिक समाज सशक्त होगा। कार्यक्रम में मुजीब खान, मनोज शुक्ला, अनिल द्विवेदी, छोटेलाल साहू, राकेश दुबे, अजय गुप्ता, गौरी शंकर, अमरेश वैश, मनोज दुबे, हरीश साह, राम प्रसाद, नारायण दास, श्याम चरण द्विवेदी, पंकज वैश्य, अनूप चौहान, विमलेश यादव, अभिमन्यु जयसवाल, राजेश सिंह आदि सहित बहुसंख्य में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### शिवराज सरकार में बहनें बनीं आत्मनिर्भर

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहनों दी गयी विभिन्न सौगातों को लेकर उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री चौहान की सरकार में बहनें आत्मनिर्भर बनीं हैं। शर्मा ने यह बात यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज लाड़ली लक्ष्मी योजना से जुड़ी बहनें कॉलेज में पहुंच गई हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू करने का ऐतिहासिक काम भी प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया था। लाड़ली बहना योजना लाकर मुख्यमंत्री ने बहनों का मान बढ़ाया है। आज मुख्यमंत्री ने फिर बहनों के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं की हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में एक संवेदनशील सरकार महिला सशक्तिकरण के साथ समाज के सशक्तिकरण में लगातार काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब बेटियों को पुलिस भर्ती में 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। वहीं दूसरी ओर शिक्षकों की भर्ती में 50 प्रतिशत बेटियों की भर्ती होगी। लाड़ली लक्ष्मी बेटियां अब जो पढ़ाई करना चाहती हैं, उन्हें पढ़ाई में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की सवा करोड़ बहनों के खातों में एक हजार रूपए प्रतिमाह उनके खाते में जाते थे, वो राशि अब बढ़ा दी गयी है। अब इन बहनों को आजीविका मिशन के अंतर्गत जोड़ा जाएगा, उन्हें अब लोन भी मिलेगा, जिससे वह स्वयं का काम शुरू कर सकें। शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया था उस दिशा में सरकार ने भागीरथी प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि गांव में बहनों के रहने के लिए भूखंड देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है।

### हिंदी फिल्मों के मशहूर पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश की 47वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, मैं तो शरीर हूं पर मुकेश तो मेरी आत्मा है : अभिनेता राजकपूर



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी अवॉर्ड्स फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमेन दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी फिल्मों के मशहूर पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश की 47वीं पुण्यतिथि पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि मुकेश दिल्ली के रहने वाले थे। उन्होंने अपना पहला गीत दिल जलता है तो जलने दे गाया था जो अभिनेता मोतीलाल पर फिल्माया गया था। यह गीत मुकेश ने अपने अजीज गायक के.एल सहगल की तर्ज पर गाया था। यह गीत बहुत प्रसिद्ध हुआ था। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, निर्माता, निर्देशक राजकपूर की सारी फिल्मों में मुकेश ने ही सारे गाने गाए। सभी गानें लोकप्रिय हुए। राजकपूर ने एक बार कहा था मैं तो शरीर हूं मेरी आत्मा तो मुकेश है। राजकपूर की टीम में गायक मुकेश, गीतकार शैलेन्द्र, हसरत जयपुरी, और संगीतकार शंकर जयकिशन ने लंबी पारी खेली। बाद में मुकेश ने कल्याण जी आनंद जी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के साथ भी गाया। अभिनेता राजकपूर पर फिल्माए गए फिल्म अनाड़ी में गाए उनके गीत सब कुछ सीखा हमने ना सीखी होशियारी पर मुकेश को पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला। उसके बाद वर्मा मलिक के लिखे गीतों पर मनोज कुमार की पहचान और बेईमान के लिए तथा यश चोपड़ा की अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म कभी कभी के लिए साहिर लुधियानवी द्वारा लिखे गीत से मुकेश को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का चौथा फिल्मफेयर अवार्ड मिला। रजनीगंधा में मुकेश के गाए गीत कई बार में ही देखा है को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। 50के दशक में मुकेश ने सबसे ज्यादा खाने दिलीप कुमार के लिए गाए। मिलन में सुनील दत्त और फिरोज़ खान के लिए भी मुकेश ने आवाज दी। वत्स ने कहा कि उनकी मृत्यु के बाद उनके करोड़ों प्रशंसकों को गहरा सदमा लगा। राजकपूर की तो आत्मा ही चली गयी। मुकेश के यह दोनों गीत आज भी सुने जाते हैं और जाने वाले हो सके तो लौट के आना और जाने चले जाते हैं कहां दुनिया से जाने वाले, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई काहे को दुनिया बनाई, सजन रे झूठ मत बोलो, जय बोलो बेईमान की, सबसे बड़ा नादान वहीं है जो समझे नादान मुझे। मुकेश आजीवन अपने गाए गीतों से अपने प्रशंसकों के दिलों में सदा अमर रहेंगे।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा रोहिणी एवम करोलबाग में रक्तदान शिविर का आयोजन






**दिल्ली।** मानवमात्र के कल्याणार्थ हेतु सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच रोहिणी और करोलबाग में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मिशन के 160 भक्तों द्वारा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु हिन्दू राव हॉस्पिटल की टीम शिविर में पहुंची।

रोहिणी शिविर का उद्घाटन संत निरंकारी मिशन की उप प्रधान श्रीमती राजवासदेव सिंह जी के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु प्रशंसा करी।

करोलबाग शिविर का उद्घाटन आदरणीय श्री अशोक मनचंदा जी, एक्जीक्यूटिव मेंबर इंचार्ज द्वारा किया गया।

उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की रक्तदान सबसे श्रेष्ठ दान है। हमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदान के लिए आगे आना चाहियें। इन शिविरों में डॉक्टर नरेश अरोड़ा (मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर) भी उपस्थित रहे।

रोहिणी ब्रांच के संयोजक विनोद खन्ना जी ने रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों जिनमें मुख्यत स्थानीय विधायक श्री जय भगवान उपकर जी, रोहिणी के मुखी श्री ए एस गिल जी और सभी रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में समूचे देश में अग्रणी रहा है।

मिशन द्वारा अभी तक 7927 रक्तदान शिविरों के आयोजन से 12,98,971 युनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है।

संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों जिनमें मुख्यत: रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण हेतु सुचारू रूप से चलाई जा रही योजनाएं, नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं प्राकृतिक आपदाओं में जरूरतमंदों की सहायता इत्यादि सेवाएं सम्मिलित है ताकि समाज का समुचित विकास हो सके।

## जटिल पौराणिक कथाओं के पुनर्लेखन में माहिर थे डॉ.भगवती शरण : अनामिका

नयी दिल्ली। साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कवयित्री अनामिका ने ऐतिहासिक एवं पौराणिक उपन्यासकार डॉ. भगवती शरण मिश्र को रविवार को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें जटिल पौराणिक कथाओं के पुनर्लेखन का पुरोधा बताया।

डॉ.अनामिका ने आज यहां इस मौके पर आयेजित एक बेविनार को संबोधित करते हुए कहा, पौराणिक कथाओं का पुनर्लेखन एक बड़ी चुनौती है जिसे भगवती बाबू ने बहुत ही शालीनता और सौम्यता के साथ संभाला।

भारतीय इतिहास के महान परिदृश्य से महत्वपूर्ण क्षणों और पात्रों को उठाते हुए उन्होंने सार्थक नैतिक मूल्यों के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की जो भारत की सांस्कृतिक और नैतिक विरासत को समझने में एक गुरु का काम करता है।

'इक्वेटर लाइन' पत्रिका और टाइम्स ऑफ इंडिया के पूर्व संपादक एवं लेखक भास्कर रॉय ने डॉ.मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, भगवती शरण मिश्र अपने जीवनकाल में ही एक किंवदंती बन गये। उनमें दो प्रवाह मिले- मगध साम्राज्य का सांस्कृतिक उत्साह और आधुनिक, लोकतांत्रिक भारत की मजबूत नेहरूवादी दृष्टि। उन्होंने उत्कृष्ट विद्वतापूर्ण कार्य किया और एक कुशल प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका को उत्साहपूर्वक निभाया। जब हम भगवती शरण मिश्र को उनकी पुण्य तिथि पर याद करते हैं और श्रद्धांजलि देते हैं, तो हम वास्तव में भारत के विचार को मजबूत करने की प्रतिज्ञा करते हैं, जो 21वीं सदी के मूल्यों के साथ एक समृद्ध परंपरा को जोड़ती है। उनकी यात्रा हमारे लिए प्रकाशमय हो।

इस मौके पर मुंबई पुलिस के विशेष इंस्पेक्टर जनरल दीपक पांडे ने डॉ. मिश्र के कृतत्व एवं व्यक्तितत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा, बाबूजी एक महान सिविल सेवक थे, लगभग एक स्टेट्समैन होने के स्तर तक; एक विपुल लेखक; एक महान अनुशासनप्रिय और अभूतपूर्व विद्वान!

## डॉ.भगवती शरण मिश्र ने बिहार राजभाषा को क्रियात्मक स्वरूप दिया : उषा किरण

नयी दिल्ली। पद्मश्री और भारत-भारती पुरस्कार से सम्मानित लेखिका उषा किरण खान ने ऐतिहासिक और धार्मिक उपन्यासकार डॉ. भगवती शरण मिश्र की दूसरी पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 'दुलर्भ 'विशेषताओं से परिपूर्ण वह एक महान व्यक्तित्व थे। खान आज यहां इस मौके पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने डॉ. मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, भगवती शरण मिश्र एक अद्भुत रचनात्मक व्यक्ति थे। वह कुशल प्रशासक थे। बिहार राजभाषा विभाग का जो क्रियात्मक स्वरूप है, वह उन्हीं की देन है। वह परम विद्वान थे और दुर्धर्ष लेखक, कवि उपन्यासकार। बहुत अच्छे वक्ता मिश्र जी सतत सृजनशील रहते। उनकी स्मृति को नमन। इस मौके पर अर्थशास्त्री, सामाजिक विचारक एवं ब्राक ,बंगलादेश के अध्यक्ष डॉ. हुसैन जिल्लुर रहमान ने कहा, क्या अद्भुत स्मृति है। देख सकते हैं कि आपकी प्रेरणाएं कहां से आती हैं। आपके यशस्वी पिता को सम्मान। अनेक पुरस्कारों एवं सम्मानों से सम्मानित प्रतिष्ठित उपन्यासकार अपने लेखन की विपुलता एवं गुणवत्ता से उपन्यास-लेखकों की अग्रिम पंक्ति में स्थान रखते हैं। उनकी अबतक करीक 100 से अधिक कृतियाँ प्रकाशित हो चुकीं हैं। सामाजिक एवं ऐतिहासिक उपन्यास के पुरोधा डॉ. मिश्र की प्रमुख पुस्तकों में पहला सूरज, पवनपुत्र , प्रथम पुरुष , पुरुषोत्तम, पीतांबरा , काके लागूं पांव, गोबिन्द गाथा , मैं भीष्म बोल रहा हूँ, देख कबीरा रोया, पद्मनेत्रा (पुरस्कृत), भारत के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री आदि शामिल हैं।

## दिल्ली किसानों की कृषि भूमि की लूट बंद हो : दिल्ली देहात मोर्चा

### गांवों व किसानों के साथ भेदभाव बंद करें सरकार : पंचायत संघ



नई दिल्ली। दिल्ली में कृषि भूमि के बढ़ाए गए सर्किल रेट को जल्द से जल्द लागू करवाने के लिए नजफगढ़ गौशाला नंबर 1 दिल्ली गेट में जय किसान आंदोलन द्वारा पंचायत बुलाई गई। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी जगत सिंह नीलवाल ने की इसमें सर्व सम्मति से सर्किल रेट को लागू करवाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। जय किसान आंदोलन के अध्यक्ष राजीव यादव ने कहा कि हम 1 सितंबर से 15 सितंबर तक इस मुद्दे को लेकर सभी गांवो में हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे व हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को उपराज्यपाल कार्यालय को सौंपेंगे। और 15 अक्टूबर तक नए सर्किल रेट को पास नहीं किया गया तो नजफगढ़ गौशाला से पैदल चलकर उपराज्यपाल निवास तक जाएंगे। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए ली गई कृषि भूमि पर हरियाणा में ज्यादा मुआवजा व दिल्ली में कम मुआवजा मिलना। पर दुख प्रकट किया और दिल्ली के किसानों की कृषि भूमि की 1950 से अब तक चल रही लूट बताई गई। जो अब बर्दाश्त नहीं होगी।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली के गांवों व किसानों के साथ दोहरे मापदंड को गलत बताया। मांग की कि सरकार सर्किल रेट लागू करें।

लैंड पुलिंग पोलिसी पर सरकार विचार करें। किसानों को ज्यादा से ज्यादा कृषि भूमि के दाम मिले। पहले शहरीकृत हुए गांव आज बर्बाद है, सुविधाओं का अभाव है, सस्ती जमीन अधिग्रहण होने के कारण गांव वाले बेरोजगार है। इसलिए वर्तमान में किसानों को बड़े हुए दम मिले।

ओम दत्त पपरावट ने कहा कि किसानों की कृषि भूमि की लूटमार अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें लगभग 25 गांव के प्रधानों ने भाग लिया जिसमें नफे सिंह नंबरदार उप प्रधान गौशाला, शीशराम प्रधान खरखडी रोंध, कृष्णा डागर प्रधान ईसा पुर, संजीव कुमार हिरण कुदना, विजेंद्र शौकीन दिचाऊं कला, इंद्रजीत डगर झडोदा कला, जगदीश यादव कांगन हेडी, रामनिवास यादव जाफरपुर कला, रामानंद यादव खरखडी नाहर आदि प्रमुखोंकी उपस्थिति रही।

## हाऊस टैक्स, मालिकाना हक को लेकर आक्रोश : पंचायत संघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा नांगलोई के नरेश पार्क में सीलिंग व हाऊस टैक्स के नोटिस भेजने पर नांगलोई जाट में पंचायत हुई ।पंचायत की अध्यक्षता कैप्टन रोहतास गहलोत ने की।

इसमें डॉ बिजेंदर शौकीन पूर्व विधायक नांगलोई विधान सभा ओर नेफेड चेयरमैन ,दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव, कृष्ण पाल गहलोत वरिष्ठ राजनेता, मुकेश यादव प्रधान, संजय यादव, नरेश शौकीन, सतीश यादव उपस्थित थे।

डाक्टर बिजेंदर शौकीन ने कहा कि हम उप राज्यपाल दिल्ली से मांग करते हैं कि गांवों को हाऊस टैक्स से मुक्त करें। गांवों को शहरी क्षेत्र के हिसाब से ना देखें ।गांवों की परिस्थिति अलग है ।ओर किराये से गुजारा करना भी मुश्किल है उस पर टैक्स थोपना गलत है ।

वरिष्ठ राजनेता कृष्ण पाल गहलोत ने कहा कि बार बार शासन प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं कि इस पर काम करें ।अब गांवों में अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता आ रही है सभी एक मंच पर आ रहे हैं ।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली देहात के सभी पार्टियों के नेताओं से आवाह्न किया है कि वे गांवों की 18 सूत्री मांगो जिसमें हाऊस टैक्स से मुक्त, मालिकाना हक, गांवों को भवन उप नियम से बहार करवाने पर काम करें।

मुकेश यादव प्रधान ने कहा कि वातानुकूलित कमरों में बैठकर गांवों पर निर्णय न ले शासन प्रशासन ।गांवों के बीच आ कर समस्याओं को देख कर निर्णय ले।

पंचायत में सर्व सम्मति से आदोलन तेज करने के लिए प्रस्ताव पास किया गया ।ओर उप राज्यपाल दिल्ली से मांग की कि गांवों की गम्भीर समस्याओं पर ध्यान दें व समस्याओं व सुविधाओं के लिए गांवों में अपने प्रतिनिधि भेजें या ग्राम सेवा केन्द्र खोले।

## शिवराज गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में करेंगे 2000 बिस्तर अस्पताल का लोकार्पण

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कल गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में 482 करोड़ 5 लाख रूपये की लागत से निर्मित 2000 बिस्तरीय अस्पताल एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग का लोकार्पण और 17 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत के नवीन ओ.पी.डी. भवन, 27 करोड़ 4 लाख रूपये की लागत के नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल एवं ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार लोकार्पण कार्यक्रम हमीदिया चिकित्सालय परिसर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में शाम चार बजे होगा। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, भोपाल महापौर मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## प्रदेश में बनेगा रानी अवंती बाई कल्याण बोर्ड : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि लोधी-लोधा-लोध समाज के कल्याण के लिए रानी अवंती बाई कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। चौहान यहां माता मंदिर क्षेत्र में अटल पथ के पास लोधी-लोधा-लोध क्षत्रीय महासभा के महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोधी समाज का स्वाधीनता आंदोलन में और मध्यप्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोधी समाज देश का गौरव है। वीरांगना रानी अवंतीबाई ने राष्ट्र के लिए रक्त की अंतिम बूंद दे दी। उनके बलिदान दिवस पर मध्यप्रदेश में ऐच्छिक अवकाश के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमा स्थापना की पहल भी की गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोधी-लोधा-लोध क्षत्रीय महासभा द्वारा दिए गए सुझाव पत्र पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री भारती के आग्रह पर प्रदेश में मदिरा दुकानों के अहाते बंद करने का निर्णय लिया गया। चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## कॉमेडी से भरपूर 'हीरा बाबू एमबीबीएस' भोजपुरी फिल्म 1 सितंबर को पूरे बिहार के सिनेमाघरों में हो रही रिलीज





भोजपुरी सिनेमा के राइजिंग स्टार विमल पांडेय, एक्ट्रेस पूनम दूबे और आयशा कश्यप के लाजवाब अभिनय से सजी भोजपुरी फिल्म हीरा बाबू एमबीबीएस मूवी 1 सितंबर 2023 को बिहार के सभी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म के ट्रेलर में विमल पांडेय की जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी। जिसको पब्लिक ने खूब पसंद किया था। फिल्म की नायिका एक्ट्रेस पूनम दूबे अपने हुश्न का जलवा बिखेर रही हैं। अब बिहार के कोई सिनेमाघरों में फ़िल्म रिलीज़ हो रही हैं। वहीं आयशा कश्यप भी कहाँ पीछे रहने वाली हैं, वे भी अपनी कातिलाना अदाएं दिखाती नजर आएंगी। विमल पांडेय और पूनम दूबे की केमेस्ट्री लाजवाब है। साथ में एक्ट्रेस आयशा कश्यप भी शानदार किरदार में नजर आ रही हैं।

विमल पांडेय और आनन्द मोहन की सधी हुई कॉमेडी खूब हंसाती और गुदगुदाती हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि यह फिल्म फुल एंटेरटेनिंग है, जिसे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं और मनोरंजन का लुत्फ उठा सकते हैं।

चिगी फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित की गई फिल्म हीरा बाबू एमबीबीएस के निर्माता संजय कुमार जैन हैं। निर्देशक अखिलेश पांडेय हैं। कथा, पटकथा और संवाद अखिलेश पांडे ने ही लिखा है। डीओपी विष्णु (फिल्मी रूट), सुमित हैं। संगीतकार मधुकर आनंद, गीतकार अखिलेश पांडेय, संदीप साजन, संतोष पुरी हैं। एक्शन मास्टर दिनेश यादव, कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी हैं। कला सौरभ मुखर्जी का है। फिल्म के मुख्य कलाकार विमल पाण्डेय, पूनम दूबे, आयशा कश्यप, आनंद मोहन, रोहित सिंह मटरू, प्रेम दूबे, सी.पी भट्ट, प्रदीप देव, शाईना सिंह इत्यादि हैं।

# प्यार, रोमांस, एक्शन और इमोशन का कॉम्बो पैक है यूपी 61 - लव स्टोरी ऑफ गाजीपुर .!




निरहुआ एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म यूपी 61 का ट्रेलर आज सुबह रिलीज़ हुआ है । ट्रेलर के कन्टेन्ट ऐसे हैं कि अपने रीलीजिंग के साथ ही ट्रेलर वायरल हो गया है । निर्देशक विशाल वर्मा निर्देशित फिल्म यूपी 61 की कहानी उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले की है । फ़िल्म के शुरुआत में ही प्रवेशलाल यादव ने अपने सम्वाद से इसको इंगित कर दिया है । इसमें प्रवेश लाल यादव व नीलम गिरी मुख्य किरदार में नज़र आने वाले हैं । फ़िल्म में एक जबरदस्त प्रेम कहानी को निर्देशक ने प्रस्तुत किया है जिसको देखने के बाद लोगों का रुझान इस फ़िल्म के प्रति बढ़ना स्वाभाविक है । कहा भी गया है कि दुनिया मे प्रेम को परिभाषित कर दे ऐसा कोई शब्दकोश ही नहीं बन पाया है । इस फ़िल्म के स्क्रीनप्ले को निर्देशक ने काफी व्यस्त रखा है जिसको लेकर लोगों में हर एक अगले सीक्वेंस के प्रति उत्सुकता चरम पर पहुंच जाती है । गंगा का किनारा, शहर की चकाचौंध , रिश्तों की कड़वाहट के साथ प्रेम की गतिशीलता भी इस फ़िल्म में अपने पुर्वांचल के रंग में ही दिखाई पड़ रही है । फ़िल्म की भाषा, पहनावा और रहन सहन को पर भी पुर्वांचल की छाप साफ साफ दिखाई पड़ रही है । रीलीजिंग के मात्र 10 घण्टे के अंदर इसको लगभग 5 लाख से ऊपर लोगों ने देख लिया है । निरहुआ एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फ़िल्म यूपी 61 - लव स्टोरी ऑफ गाजीपुर के निर्माता हैं प्रवेश लाल यादव । फ़िल्म के लेखक हैं शशी रंजन द्विवेदी, व संगीत निर्देशक व गायक हैं विपिन पाटवा । फ़िल्म के गीत डॉक्टर सागर ने लिखे हैं । फ़िल्म का बैकग्राउंड स्कोर शांतनु दत्ता ने दिया है । सिनेमेटोग्राफर हैं सी जगन और एडिटर हैं तेज । प्रवेश लाल यादव और नीलम गिरी के साथ इस फ़िल्म में किरण यादव, करण पांडेय, तेज बहादुर यादव, पुष्पेंद्र राय, सनी शर्मा, ऊदल यादव, शिवम तिवारी, ज्ञानेंद्र शुक्ला, संजू सोलंकी, रागिनी राय, प्रतिभा शर्मा, दिवाकर श्रीवास्तव, विपिन लाल यादव व आरोही यादव ने भी अपनी अदाकारी दिखाई है ।

## धान की खेती में क्रांतिकारी बदलाव, बासमती के निर्यात की संभावना बढ़ी

नयी दिल्ली। भारतीय कृषि वैज्ञानिकों ने बासमती धान की खेती में क्रांतिकारी बदलाव लाते हुए न केवल इसकी लागत को कम किया है बल्कि इसकी सीधी बिजाई की जाती है और इसमें रोग प्रतिरोधक गुण भी है ।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने बासमती धान की इस नयी किस्म का विकास किया है। इसकी खेती सीधी बिजाई से होती है जिसके कारण श्रमिको की और पानी की भरपूर बचत होती है तथा झुलसा रोग प्रतिरोधक गुण भी है। इससे दुनिया में बासमती चावल के निर्यात के बढ़ने की भी संभावना है।

संस्थान के निदेशक और जानेमाने कृषि वैज्ञानिक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पूसा 1509 बासमती किस्म का विकास कर सीधी बिजाई के लिए पूसा बासमती 1985 किस्म को तैयार किया गया है। इसमें झुलसा रोग प्रतिरोधक तथा खरपतवार नाशी गुण भी है।

डॉ सिंह ने बताया कि बासमती धान की खेती के लिए चिन्हित क्षेत्र पंजाब , हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश ,हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और दिल्ली में 1985 किस्म की खेती की जा सकती है । इसकी खेती में किसानों को 4000 रुपए प्रति एकड़ की बचत होती है। इसके साथ ही पानी की बचत 35 प्रतिशत और ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में भी 35 प्रतिशत की कमी आती है।